

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 56 बुधवार 8 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण षष्ठी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

# ट्रंप की ईरान को खौफनाक धमकी

## आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे कभी पुनर्जीवित नहीं किया जा सकेगा'

**एजेंसी समाचार**

**वॉशिंगटन।** खर्ग द्वीप पर हमलों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि आज रात एक पूरी



सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी पुनर्जीवित नहीं किया जा सकेगा। ट्रंप ने क्या कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक बार फिर ईरान को खौफनाक धमकी दी। उन्होंने कहा कि आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी पुनर्जीवित नहीं किया जा सकेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी पुनर्जीवित नहीं किया जा सकेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता, लेकिन शायद यही होगा। हालांकि, अब जब हमारे सामने पूरी तरह सत्ता परिवर्तन की स्थिति है, जहां, अलग, अधिक बुद्धिमान और कम कट्टरपंथी सोच वाले लोग सत्ता में हैं, तो शायद कुछ क्रांतिकारी और अद्भुत घटित हो सकता है, कौन जाने?

उन्होंने कहा, आज रात हमें विश्व के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम क्षणों में से एक का पता चल जाएगा। 47 वर्षों की जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और मौतों का आखिरकार अंत होगा। ईरान के महान लोगों पर ईश्वर की कृपा हो।

ट्रंप का यह बयान तब सामने आया है, जब अमेरिका और इस्राइल ने आज ईरान के खर्ग द्वीप पर कई हमले किए हैं। इसके अलावा, कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया है।

उधर, आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। कोम प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोतेर्जा हेदरी ने पुष्टि की कि मंगलवार को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया।

इसी बीच, मेहर न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी कि ईरान के काशान शहर में रेलवे के एक पुल पर इस्राइल ने हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई। हमला यहया आबाद रेलवे पुल पर किया गया। यह पुल मध्य ईरान में स्थित है। रिपोर्ट के अनुसार, इस्फहान के डिप्टी गवर्नर ने पुष्टि की कि हमले में दो लोगों की जान गई है। इस्राइली सेना ने पहले चेतावनी देते हुए ईरानी नागरिकों से कहा था कि वे शाम नौ बजे तक ट्रेनों में सफर न करें। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाओं पर अचानक रोक लगा दी गई है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अब गेंद ईरानियों के पाले में है। अमेरिका शांति बहाली के लिए चल रही बातचीत पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई की ईरान से सही जवाब मिलेगा।

बुडापेस्ट में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के साथ अपने संबोधन के दौरान वेंस ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता देता है, लेकिन उसके पास शक्तिशाली विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान बातचीत में बहुत धीमा है। इसलिए हम मानते हैं कि कभी-कभी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक संदेश पहुंचाने में कुछ देरी हो सकती है। लेकिन हमें विश्वास है कि हमें सकारात्मक या नकारात्मक, दोनों ही तरह की प्रतिक्रिया मिलेगी।

## ईरान पर यूएस के ताबड़तोड़ हमले, जवाब में तेहरान ने उतारे 510 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाले सुसाइड ड्रोन

**तेहरान।** खर्ग द्वीप पर अमेरिका और इस्राइल के ताबड़तोड़ हमलों के जवाब में ईरान ने 510 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार वाले 'हदीद-110' आत्मघाती ड्रोन मैदान में उतारे हैं। उसने अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों को इससे निशाना बनाने का दावा किया है। इन ड्रोन की क्या खासियत है, ईरानी सेना ने नवनिर्मित आत्मघाती ड्रोन 'हदीद-110' का इस्तेमाल करते हुए अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों को निशाना बनाया है। हमले के दौरान नारा लगाया गया- या फातिमेह अल-जहरा (अलैहिस्सलाम)। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्लीम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क (सीजीटीएन) यूरोप की रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरान के ड्रोन लड़ाकों ने 'या फातिमेह अल-जहरा (अलैहिस्सलाम)' के कोड नाम के साथ अमेरिका की ओर हदीद-110 आत्मघाती थंडरबोल्ट ड्रोन लॉन्च किया। हदीद-110 ड्रोन को दलाहू के नाम से भी जाना जाता है। यह जेट-प्रोपेल्ड सुसाइड ड्रोन की श्रेणी में ईरान की नवीनतम उपलब्धि है। इसे 'प्रॉमिस ऑफ द टुथ' अभियान में इस्तेमाल किया गया।

सबसे बड़ा अंतर हदीद-110 के जेट इंजन में है, जो इसे पिछली पीढ़ी के सुसाइड ड्रोन से तेज और खतरनाक बनाता है। प्रोपेलर वाले मानव रहित विमान (यूएवी) सस्ते और आसान हैं। लेकिन आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली के सामने कमजोर साबित होते हैं। धीमी उड़ान और कम गति इसकी कमजोरी है। जेट इंजन की वजह से हदीद-110 अपने लक्ष्य तक पहुंचने का समय काफी घटा देता है। इससे दुश्मन के लिए लक्ष्य का पता लगाने, ट्रैक करने और हमलावर को रोकने का समय कम हो जाता है। वायु रक्षा में हर सेकंड की देरी लक्ष्य नष्ट करने की संभावना घटा देती है।

## ट्रंप की धमकी के बाद ईरान में बिगड़ते हालात: भारत ने जारी की एडवाइजरी, कहा- जहां हैं, वहीं रहें

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के साथ जुबानी जंग भी चरम पर पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को खत्म करने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर, खर्ग द्वीप पर हमले तेज किए हैं। वहीं, ईरान ने भी





उसके ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। इस बीच, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की। ईरान में तेजी से बदलते हालात को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरान में मौजूद नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें, आश्रय (शेल्टर) में रहें।

मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें, शेल्टर में रहें और अनावश्यक आवाजाही से बचें। ईरान के भीतर या सीमा पार करने से जुड़ी किसी भी यात्रा का निर्णय केवल तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के साथ करीबी समन्वय और उनकी स्पष्ट सलाह प्राप्त करने के बाद ही लिया लें।

भारतीय दूतावास ने आपात एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, भारतीय नागरिक घर के अंदर रहें। सैन्य ठिकानों और बिजली ढांचे से दूर रहें। ऊंची इमारतों की ऊपरी मंजिलों में जाने से भी बचें। दूतावास ने कहा, जो लोग दूतावास के होटलों में ठहरे हैं, वे वहीं रहें। नियमित रूप से के संपर्क में बने रहें। हाईवे पर यात्रा करने से पहले दूतावास से समन्वय करें। सभी नागरिकों से कहा गया है कि वे आधिकारिक अपडेट पर नजर रखें। दूतावास के आपातकालीन नंबर चालू हैं। आंकड़ों के मुताबिक, तनाव शुरू होने के समय ईरान में करीब 9,000 भारतीय थे। अब तक लगभग 1,800 लोग भारत लौट चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह अपने टुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो एक पूरी सभ्यता आज की रात नष्ट हो जाएगी, जो फिर कभी वापस नहीं लाई जा सकेगी।

## सबरीमाला विवाद: 'आस्था में न्यायिक दखल ठीक नहीं'

### सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से की 2018 के फैसले को पलटने की मांग

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर मामले पर अपना पक्ष रखते हुए 2018 के फैसले को बदलने की मांग की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि महिलाओं के प्रवेश पर रोक को 'छुआछूत' मानना गलत है और भारत की धार्मिक परंपराओं को पश्चिमी नजरिए से नहीं परखा जाना चाहिए।

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रही कानूनी जंग में केंद्र सरकार ने अलग रुख अख्तियार किया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वर्ष 2018 में सुनाया गया सबरीमाला फैसला न केवल गलत था, बल्कि इस पर पुनर्विचार करने की सख्त जरूरत है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलील दी कि धार्मिक मान्यताओं को 'पितृसत्ता' या भेदभाव के चश्मे से देखना भारतीय संस्कृति के लिहाज से सही नहीं है।

9 जजों की संविधानिक पीठ के सामने दलीलें पेश करते हुए सॉलिसिटर जनरल ने 2018 के फैसले पर ऐतराज जताया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 10 से 50 वर्ष की



महिलाओं के मंदिर प्रवेश पर रोक को 'छुआछूत' का एक रूप बताया था। मेहता ने कहा कि संविधान के 'अनुच्छेद 17' को इस मामले से जोड़ना पूरी तरह गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि भारत में महिलाओं को हमेशा से उच्च स्थान दिया गया है। भारत शायद इकलौता ऐसा देश है जहां राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री और सुप्रीम कोर्ट के जज तक महिला देवी के सामने सिर झुकाते हैं। ऐसे में इसे 'पितृसत्ता' कहना विदेशी अवधारणा को थोपने जैसा है।

सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने 'अनिवार्य धार्मिक प्रथा' के सिद्धांत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोई प्रथा धर्म का अनिवार्य हिस्सा है या नहीं, यह कोर्ट कैसे तय कर सकता है? मेहता के अनुसार, यह आस्था और विश्वास का विषय है। किसी धर्म की बारीकियों को समझने के लिए उस स्तर की आध्यात्मिक समझ होनी चाहिए। केवल कानूनी समीक्षा के आधार पर धर्म के मर्म को नहीं बदला जा सकता।

यह सुनवाई ऐसे समय में हो रही है जब केरल में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। सबरीमाला वहां हमेशा से भावनात्मक और चुनावी मुद्दा रहा है। केंद्र सरकार ने कहा कि वह केवल सबरीमाला की बात नहीं कर रहे, बल्कि उन सभी धार्मिक मसलों की बात कर रहे हैं जहां अदालती हस्तक्षेप से व्यापक असर पड़ सकता है। सरकार का मानना है कि धार्मिक संप्रदायों की स्वायत्तता में तब तक दखल नहीं देना चाहिए, जब तक कि वह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के खिलाफ न हो।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस नौ जजों की बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह समेत अन्य वरिष्ठ जज शामिल हैं।

## विधानसभा चुनाव : असम, केरल और पुडुचेरी में थमा प्रचार का शोर, 9 अप्रैल को मतदान

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** असम, केरल और केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभाओं के नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार शाम थम गया। असम में 126, केरल में 140 और पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए गुरुवार को एक ही चरण में मतदान होगा। इन राज्यों में 23 मार्च तक नामांकन पत्र भरे गये थे, 24 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की गयी थी और नाम वापसी 26 मार्च तक थी।

चुनाव आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार रैली, रोड शो प्रदर्शन अब नहीं किये जा सकेंगे। दूरदर्शन, रेडियो और सिनेमा हाल



में भी राजनीतिक प्रचार पर रोक रहेगी। असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जहां एक और कार्यकाल के लिए जहां एड़ी चोटी का जोर लगाये है, वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच परम्परागत मुकाबला है। सत्तारूढ़ वाम मोर्चा जहां लगातार तीसरी बार सत्ता में बन रहने के लिए पूरा जोर लगा रहा है, वहीं लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता पाने के लिए पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरा हुआ है।

पुडुचेरी में सभी सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस केन्द्र शासित प्रदेश में कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ मोर्चा को चुनौती दे रहा है। क्षेत्रीय दल भी यहां अपनी ताकत झोंक दे रहे हैं, जिससे कई सीटों पर नतीजे प्रभावित हो सकते हैं।

राज्य स्तरीय नेताओं के साथ-साथ केन्द्रीय नेताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने-अपने दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में इन चुनावों में जोरदार प्रचार करके वोट मांगे हैं। इन विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना का कार्य 4 मई को होगा।

## शिक्षामित्रों का मानदेय लगभग दोगुना हुआ, 25 लाख युवाओं को दिए जाएंगे टैबलेट

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में 22 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय लगभग दोगुना कर दिया है। यूपी के 52 जनपदों में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पीपीपी मॉडल पर आधुनिक बस अड्डों के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। इसके अलावा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, कबीर, ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों का व्यापक सौंदर्यीकरण होगा। वहीं, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क वितरण के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश सरकार ने 1.43 लाख शिक्षामित्रों व 24 हजार अनुदेशकों का नौ साल का सूखा खत्म किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षामित्रों व अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि को स्वीकृति दी गई। यह अप्रैल से लागू होगा और मई के भुगतान में इनको बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा।

कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि 2017 में 10 हजार रुपये निर्धारित किए गए शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर अब 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9000 से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल से प्रभावी होगा और मई में होने वाले वेतन भुगतान में यह बढ़कर आएगा।



### वार अपडेट

**अमेरिका का दावा- अब तक युद्धविराम वार्ता सकारात्मक, ईरान बोला- कूटनीतिक बातचीत के सभी चैनल बंद**

ईरान ने अमेरिका के साथ संचार के सभी राजनयिक और अप्रत्यक्ष चैनल बंद कर दिए हैं और सभी प्रकार के संदेशों का आदान-प्रदान भी निलंबित कर दिया है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

**पूर्व निर्धारित समयसीमा तक समझौते पर संशय: अमेरिकी अधिकारी**

अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के साथ जारी युद्धविराम वार्ता अब तक सकारात्मक रही है। लेकिन पूर्व निर्धारित समयसीमा तक समझौता हो पाएगा या नहीं, इस पर अभी भी संशय बना हुआ है। अधिकारी ने कहा, हम ईरान के संपर्क में हैं। बातचीत सकारात्मक रही है। अगर किस्मत ने साथ दिया तो तय समयसीमा के खत्म होने तक कोई नतीजा सामने आ सकता है।

**ईरान ने यूएई में इमारत पर किया मिसाइल हमला: अधिकारी**

ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में एक इमारत पर मिसाइल से हमला किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शारजाह शहर के अधिकारियों ने कहा कि ईरानी मिसाइल सैटेलाइट दूरसंचार ऑपरेटर थुरैया टेलीकम्युनिकेशंस की प्रशासनिक इमारत पर हमला हुआ। शारजाह के मीडिया कार्यालय ने बताया कि इस हमले में दो पाकिस्तानी नागरिक घायल हुए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

**ईरानी रॉकेट हमले के बाद मध्य इस्राइल के पेटाह टिक्वा में इमारत गिरी**

ईरान के रॉकेट हमले के बाद इस्राइल के पेटाह टिक्वा में एक इमारत गिर गई। घायलों या हताहतों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस्राइल के हिब्रू भाषी दैनिक इस्राइल हायोम के मुताबिक, गिवआत शमूएल में भी नुकसान हुआ है। मारीव समाचार पत्र ने पेटाह टिक्वा के मेयर के हवाले से बताया कि शहर में 28 फरवरी से अब तक लगभग 150 हमले हुए। एक हजार से अधिक अपार्टमेंट को नुकसान हुआ। दो लोगों की मौत हुई और करीब 160 लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। कन्न न्यूज ने नहरिया शहर में तीन हमले दर्ज किए। एक वाहन में आग लगी, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

**ट्रंप की धमकी से ईरान के इन 5 ऐतिहासिक पुलों पर मंडराया खतरा, तबाही की आशंका**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से ईरान के पुलों और पावर प्लांट को निशाना बनाने की धमकी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है। दरअसल, ईरान के आर्थिक और सैन्य बुनियादी ढांचे की रीढ़ माने जाने वाले शहीद कलंतरी उर्मिया झील, वेरेस्क रेलवे, तबियात, कारून-4 और गोतूर जैसे पांच प्रमुख मेगा-स्ट्रक्चर्स पर हमले का खतरा पैदा हो गया है। अगर इन पुलों को निशाना बनाया जाता है, तो ईरान का परिवहन और रसद नेटवर्क पूरी तरह ठप हो सकता है।

CMYK

# यक्ष एप ने खोले अपराधियों के राज, सड़क हादसे की जांच में खुला गुरुग्राम अपहरण कांड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में एक साधारण सड़क हादसे की जांच ने पुलिस को ऐसे सनसनीखेज खुलासे तक पहुंचा दिया, जिसने पूरे मामले की तस्वीर ही बदल दी। 'यक्ष एप' की मदद से बरेली पुलिस ने न सिर्फ मृतकों का आपराधिक इतिहास खंगाला, बल्कि अपहरण जैसे गंभीर अपराध का पर्दाफाश भी कर दिया। डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने बताया कि तकनीक के उपयोग से अब अपराधियों तक पहुंचना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है।



5 अप्रैल को सीबीगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कैंटर में जा घुसी। पीछे से आ रही बाइक भी बोलेरो से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक और दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। शुरुआत में मामला महज सड़क दुर्घटना का लग रहा था, लेकिन पुलिस ने जब मृतकों के मोबाइल फोन खंगाले और 'यक्ष एप' पर उनका रिकॉर्ड चेक किया तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मृतक मनमोहन, सिकंदर और विशेष तथा घायल युवक प्रिंस हत्या, लूट और डकैती जैसे गंभीर मामलों के पुराने अपराधी निकले। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने मृतक मनमोहन के पिता नत्थूलाल से पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि इन अपराधियों ने 4 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम से मनोज नाम के व्यक्ति और उसके दो बच्चों का अपहरण किया था। हादसे में घायल मिले दोनों बच्चे वही अपहृत निकले। इसके बाद पुलिस ने फरीदपुर के एक मकान पर दबिश देकर बंधक बनाए गए पिता मनोज को सकुशल मुक्त करा लिया।

इसी बीच बारादरी क्षेत्र में 31 मार्च को हुई चोरी की वारदात का भी खुलासा हुआ। घर में घुसकर बुलेट बाइक, मोबाइल और चांदी का ब्रेसलेट चोरी करने वाले शातिर सिकंदर उर्फ छोटा और उसके साथी मुकेश को पुलिस ने सीसीटीवी और 'यक्ष एप' की मदद से गिरफ्तार कर लिया। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि 'यक्ष एप' अपराधियों के खिलाफ एक मजबूत हथियार बनता जा रहा है। इससे पुलिस को तेजी से पहचान, रिकॉर्ड और लोकेशन तक पहुंचने में मदद मिल रही है, जिससे अपराधियों की साजिशें लगातार नाकाम हो रही हैं।

## लीलौर झील-राम कटोरा ताल को 2.21 करोड़ की पहली किस्त जारी

# पर्यटन विकास को मिली रफ्तार

- मल्टीपरपज हॉल बनेगा फूड कोर्ट, आधुनिक सुविधाओं से बदलेगा लुक
- पाथवे, पार्किंग, फोकस वॉल से संवरेगा क्षेत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप पर्यटन और रोजगार को बढ़ाने की दिशा में बरेली में तेजी से निर्माण कार्य शुरू हो गये हैं। पर्यटन के नक्शे पर आंवला को नई पहचान दिलाने के लिये ऐतिहासिक लीलौर झील और डिलवारी स्थित राम कटोरा ताल के विकास के लिए शासन ने 295.17 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। पहले चरण में 2.21 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं, जिससे अब जमीनी स्तर पर काम तेज होने की उम्मीद है।

योगी सरकार में आंवला की ऐतिहासिक लीलौर झील और प्राचीन राम कटोरा ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को जिम्मेदारी सौंपी गई है। योजना पूरी होने के बाद यह क्षेत्र स्थानीय ही नहीं, बल्कि बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।

परियोजना के तहत करीब 96 लाख रुपये की लागत से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। इसके अलावा 39 लाख रुपये से आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक और 48 लाख रुपये की लागत से फूड कोर्ट तैयार होगा, जिससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पर्यटकों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए 24.98 लाख रुपये से पाथवे और पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। इससे झील के आसपास का क्षेत्र व्यवस्थित होगा और भीड़ प्रबंधन में भी सहूलियत मिलेगी।

परियोजना में सिर्फ निर्माण ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को भी उभारा जाएगा। इसके लिए 6.57 लाख रुपये से फोकस वाल बनाई जाएगी, जहां झील और तालाब के इतिहास की जानकारी दी जाएगी।

झील परिसर को आकर्षक बनाने के लिए हॉर्टिकल्चर पर भी 8.53 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। हरियाली बढ़ाने और सौंदर्यीकरण से यह क्षेत्र एक शांत और सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

परियोजना के पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और छोटे कारोबारियों को भी फायदा होगा। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से आंवला क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# हॉफ एनकाउंटर में ढेर हुआ 'छिनैती गैंग' का लुटेरा, दो पैरों में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में महिलाओं से छिनैती की वारदातों से दहशत फैलाने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसकी सारी हेकड़ी निकल गई। यह आरोपी इज्जतनगर, कैंट और सुभाषनगर थाना क्षेत्र में हुई कई वारदातों में वांछित था।

पुलिस के मुताबिक 9 मार्च को इज्जतनगर के नैनीताल रोड रेलवे मार्केट, 12 मार्च को कैंट के बुखारा मोड़ और 13 मार्च को सुभाषनगर के पराग फैक्ट्री के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिलाओं से पर्स, मोबाइल और हैंडबैग लूटे थे। इन तीनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।



### मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल

मंगलवार सुबह करीब 4 बजे सुभाषनगर पुलिस को सूचना मिली कि छिनैती की घटनाओं में शामिल एक बदमाश यामाहा एं बाइक से करगैना क्षेत्र में फिर वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने फतेहपुर रोड इटौआ मोड़ पर घेराबंदी कर दी। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने पहले चेतावनी दी, लेकिन बदमाश नहीं माना और दोबारा गोली चलाई। इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दोनों पैरों में गोली लग गई और वह गिर पड़ा।

### संजू और अमित मिलकर देते थे वारदात को अंजाम, अमित की तलाश तेज

गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम संजय उर्फ संजू उर्फ रघु (24) निवासी ग्राम सुकाली थाना शाही बताया। उसने अपने साथी अमित के साथ मिलकर छिनैती की वारदातें करना कबूल किया। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश में जुटी है। अभियुक्त के पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की यामाहा बाइक, तीनों मामलों से संबंधित मोबाइल, नकदी और आधार कार्ड बरामद हुए हैं।

### अस्पताल में भर्ती, लूट का माल बरामद

इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार और चौकी इंचार्ज करगैना राजेंद्र सिंह सिरोही ने टीम के साथ बहादुरी दिखाते हुए जवाबी कार्रवाई कर बदमाश को धर दबोचा। गोली लगने के कारण वह घायल हो गया था। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मुठभेड़ के संबंध में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में छात्रों की मारपीट, बाइक फोड़ी, तीन निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित ऑरा 2026 के दौरान डीजे नाइट में मामूली धक्का लगने से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। रात में मारपीट के बाद एक गुट ने दूसरे गुट की बाइक तोड़ दी, जबकि अगले दिन फिर से छात्रों में मारपीट हो गई। मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए तीन छात्रों को निलंबित कर दिया है।

अटल सभागार में पहली बार आयोजित डीजे नाइट के दौरान इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन तृतीय वर्ष के छात्र राजशेखर शुक्ला का डांस करते वक्त मैकेनिकल के छात्र वैभव सिंह से धक्का लग गया। इस पर वैभव ने राजशेखर को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद राजशेखर के दोस्तों आलोक गोस्वामी, अतुल, राहुल, सुमित और मुकेश ने वैभव की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंचे सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली।




### रात में बाइक तोड़ी, सुबह फिर मारपीट

घटना से नाराज वैभव और उसके साथी वेदांत, गणेश व मंगल सिंह ने रात में बीडीए हॉस्टल पहुंचकर राजशेखर की बाइक में तोड़फोड़ कर दी। अगले दिन सुबह हॉस्टल के मेस में अकेले मिले सुमित कुमार को घेरकर पीटा गया, जिससे उसकी आंख के नीचे चोट आई और खून निकल आया।

घटना के बाद राजशेखर और उसके साथियों ने चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में शिकायत दी। शुरुआती जांच में सामने आया कि राजशेखर, वैभव और मंगल सिंह पहले भी आपसी विवाद और मारपीट की कोशिश कर चुके हैं। इसे गंभीर मानते हुए चीफ प्रॉक्टर प्रो. रवेंद्र सिंह ने तीनों छात्रों को निलंबित कर विश्वविद्यालय में प्रवेश पर रोक लगा दी है। साथ ही उन्हें 20 अप्रैल को अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पांच सदस्यीय जांच समिति गठित

मामले की जांच के लिए प्रो. राकेश कुमार मौर्य, प्रो. मदन लाल, डॉ. हरि कुमार सिंह, डॉ. अख्तर हुसैन और डॉ. विशाल सक्सेना की समिति बनाई गई है, जो पूरे घटनाक्रम की जांच कर रिपोर्ट देगी। बाइक तोड़फोड़ से नाराज राजशेखर पक्ष ने करीब 25 हजार रुपये के नुकसान का दावा किया है और भरपाई की मांग की है। आरोप है कि दूसरे पक्ष से जुड़े एक विभागाध्यक्ष छात्रों को संरक्षण दे रहे हैं और नुकसान भरने से इंकार किया जा रहा है।

# आंधी–बारिश से बदला मौसम का मिजाज राहत के साथ किसानों पर गहराया संकट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं व हल्की बूंदाबांदी ने शहर का मिजाज बदल दिया। तापमान में गिरावट से लोगों को राहत मिली, लेकिन किसानों की चिंता और बढ़ गई।

मंगलवार सुबह से ही मौसम में ठंडक महसूस की गई। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और सूरज की लुकाछिपी दोपहर तक जारी रही। तेज धूप नहीं निकलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन मौसम के बदले तेवरों ने दिनभर असमंजस की स्थिति बनाए रखी।



### दोपहर बाद तेज हवाएं और बूंदाबांदी

दोपहर करीब दो बजे के बाद मौसम ने पूरी तरह करवट ले ली। अचानक आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली, जिससे सड़कों पर धूल का गुबार फैल गया। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। दोपहर के समय अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिनों की तुलना में कम रहा। तेज हवाओं और हल्की बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। बाजारों और सड़कों पर भी लोगों ने मौसम के ठंडे मिजाज का आनंद लिया। हालांकि, आंधी के दौरान कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ और धूल के कारण दिक्कतें भी सामने आईं।

मौसम के इस अचानक बदलाव ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। दो दिन पहले आई आंधी और बेमौसम बारिश से फसलों को पहले ही नुकसान हो चुका है। अब एक बार फिर मौसम खराब होने से किसानों को अपनी खड़ी फसल की चिंता सताने लगी है। फसल बीमा कंपनी की शुरुआती जांच और सर्वे के अनुसार जिले की बहेड़ी, फरीदपुर और आंवला तहसीलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिले में लगभग पौने दो लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती होती है, जिसमें से करीब 20 फीसदी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है। यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है।

# सुभाषनगर में रेस्टोरेंट मालिक ने की तमंचे से ठांय ठांय

- वीडियो वायरल, सीएम पोर्टल पर पहुंची शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर में एक रेस्टोरेंट मालिक का तमंचे से फायरिंग करते हुये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है। सुभाषनगर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तमंचा अवैध बताया जा रहा है। रेस्टोरेंट मालिक नाजायज हथियारों का प्रदर्शन कर लोगों पर रौब गांठता है। रेस्टोरेंट मालिक अवैध असलहे से वीडियों में खुलेआम फायरिंग करता नजर आ रहा है। तमंचे से फायरिंग कर उसकी रील बनवा रहा है। वीडियो में जिस हथियार से फायरिंग हो रही है। वह देशी कट्टा लग रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। उसके साथ कुछ अन्य युवक भी खड़े नजर आ रहे हैं।





थाना इज्जतनगर क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी सुमित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मढ़ीनाथ में पंडितों वाली गली निवासी कार्तिक शर्मा लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त है। आरोपी की मोहल्ले में दबंगई है। इस वजह से स्थानीय लोग उसके खिलाफ खुलकर बोलने से भी डरते हैं। आरोप है कि दिल्ली बाईपास स्थित 80s Dug Out रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसी जाती है। साथ ही यहां नशीले पदार्थों और अवैध असलहों से जुड़े धंधे चलने की भी आशंका है।

### कड़ी कार्रवाई की उठी मांग

पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में साफ कहा गया है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी युवक की दहशत और दबंगई के कारण रेस्टोरेंट से लेकर उसके घर तक अवैध गतिविधियां चलती हैं।

### इंस्पेक्टर का बयान

सुभाषनगर इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि फिलहाल मामला संज्ञान में नहीं आया है। यदि वायरल वीडियो की पुष्टि होती है तो जांच कर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध असलहे के प्रयोग पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कोहाड़ापीर में निगम का एक्शन, अवैध दुकानें गिराईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त तेवर दिखा दिए हैं। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के सामने अवैध दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया। निगम की इस कार्रवाई से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पूरे इलाके में खलबली फैल गई।

नगर निगम ने जिन दुकानों को पहले ही चिन्हित कर लाल निशान लगाए थे, वहां कुछ दुकानदारों ने निशान मिटा दिए थे। इसे गंभीरता से लेते हुए निगम ने सबसे पहले इन्हीं दुकानों को निशाना बनाया और दो बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण कर दिया। अधिकारियों ने साफ कर दिया कि सरकारी निशान से छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सीएम ग्रिड योजना (मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम) के दूसरे चरण में इस अभियान को अंजाम दिया जा रहा है। करीब 50 से 55 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। कोहाड़ापीर से कुदेशिया मार्ग और धर्मकांटा से कोहाड़ापीर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार को मजार के पास अवैध दुकानों को गिराकर इस कार्रवाई की शुरुआत कर दी गई।

### पुलिस की मौजूदगी में चला अभियान

ध्वस्तीकरण के दौरान किसी तरह का विरोध न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त निगरानी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई। नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ी की जाएगी, जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। नगर निगम ने साफ चेतावनी दी है कि अतिक्रमण हटाने में बाधा डालने या सरकारी निशान से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आने वाले दिनों में अभियान और तेज किया जाएगा।

# पीडीए पंचायत का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/बहेड़ी।** क्षेत्र के ग्राम फाज़ल स्थित जोन प्रभारी सरदार इकबाल सिंह चीमा के फार्म हाउस पर पीडीए पंचायत का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

सभा में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव व बहेड़ी विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर रहमान ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि न तो युवाओं को रोजगार मिला और न ही किसानों की आय दोगुनी हुई। महंगाई से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आह्वान किया कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग 2027 में एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाएं।



वरिष्ठ किसान नेता तेजेंद्र विर्क ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करने के बावजूद अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं पा रहा है। खाद, बीज और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे किसान परेशान है। समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कश्यप समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा कि अब समाज अपने अधिकारों के लिए जाग चुका है और मजबूती से खड़ा है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य ने कहा कि पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई समाजवादी पार्टी ही मजबूती से लड़ती रही है, इसलिए सभी को एकजुट होकर पार्टी का साथ देना चाहिए।

इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी वफा उर रहमान, जिला उपाध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. ब्रहमस्वरूप सागर, विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां, कमरूद्दीन सैफी, हरीश सागर, राकेश गंगवार, डॉ. जय सिंह सागर, सरदार आलमजीत सिंह, चंद्रसेन मौर्य, सिद्धार्थ शर्मा, सरदार सर्व दयाल सिंह, सरदार तरसेम सिंह, एड. रामेंद्र कश्यप समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार जसवीर सिंह ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव हरस्वरूप मौर्य ने किया। इस मौके पर सरदार नवाब सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार हरपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### जूम मीटिंग में गैरहाजिर मिलने पर छह को नोटिस

**रामपुर।** जूम मीटिंग में छह चिकित्सकों की अनुपस्थिति मिलने पर सीएमओ ने सभी को नोटिस जारी किया है साथ ही एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति की है। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि सीएचसी शाहबाद में डॉ.दिपेंद्र यादव, डॉ.फारूख अहमद, डॉ. मनोज कुमार, सीएचसी स्वार में डॉ.राजीव चंदेल, पीएचसी सैदनगर से डॉ.अजीम अहमद, सीएचसी टांडा में तैनात डॉ.सबीहा नाज का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है।

# नगर पालिका परिषद में पांच नामित सभासदों को पालिकाध्यक्ष ने दिलाई शपथ

## शहर विधायक की मौजूदगी में सभागार में आयोजित ग्रहण समारोह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मिनी पार्लियामेंट नगर पालिका परिषद में पांच नामित सभासदों को पालिकाध्यक्ष ने शहर विधायक आकाश सक्सेना की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कराई। शपथ ग्रहण समारोह में पूजा शर्मा, पीयूष कुमार, विनोद विश्नोई, मुकेश आर्य, अजय अरोरा शामिल है। विधायक ने शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में ऐलान किया। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में पांच नामित सभासदों को शपथ दिलाए जाने का कार्यक्रम आयोजन किया गया। शहर विधायक के आने पर पालिकाध्यक्ष सना खानम और ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बधाई दी। इसके बाद विधायक की मौजूदगी में पालिकाध्यक्ष ने पांच सभासदों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह से पहले सभासदों से वर्ष 2026-27 के विकास कार्य, वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की। सभासदों ने कहा कि वर्कशाप में कितने कर्मचारी मौजूद है इसकी जानकारी प्रभारी उपलब्ध कराएं। सभासद जमील इनायती ने कहा कि गत दिनों हुई बोर्ड की बैठक में बुध बाजार को बापू मॉल में शिफ्ट कराए जाने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन अभी तक बाजार को बापू माल में शिफ्ट नहीं किया गया है। माल में शिफ्ट होने से शहरवासियों को काफी हद तक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। पालिकाध्यक्ष ने सभासदों को आश्वासन दिलाया कि बुध बाजार को शिफ्ट किया जाएगा। वार्ड नंबर 38 सरफराज अली गुड्डू ने जीना इनायत खां में आसिम के घर से शादाब के घर से मैन रोड तक सड़क का निर्माण, बाजार अब्दुल्ला गंज में वसीम के घर से मस्जिद मैन सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाने के प्रस्ताव सौंपे हैं।



पालिका सभागार में नामित सभासदों को शपथ दिलातीं अध्यक्ष सना खानम। -जागरण मोर्चा

### शपथ ग्रहण समारोह में यह रहे शामिल

सभासद सरफराज अली, सैयद अजहर मियां, मुराद कलीम, शाहवेज अंसारी, दिनेश कुमार रस्तोगी उर्फ दिन्ने, डॉ.मोहम्मद जफर, मोहम्मद आसिफ, जमील इनायती, नवेद कुरैशी, शहाब, तरन्नुम नाज, रोशन जहां, जिया बाबू उर रहमान, शहनाज, विनोद कश्यप, श्वेता शर्मा, संजू बाबू, अशोक बाबू, व्यापारी नेता शैलेंद्र शर्मा समेत कई मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- 8 करोड़ की जीएसटी में आरोपियों ने की थी हेरा फेरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** जीएसटी चोरी के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने 8 करोड़ की जीएसटी में हेरा फेरी की थी।अजीमनगर थाने में 6 माह पहले जीएसटी चोरी का मामला दर्ज हुआ था।

प्रधान सहायक कार्यालय उपयुक्त मुरादाबाद आदित्य प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था सरकार के 8 करोड़ से अधिक के भुगतान में जीएसटी चोरी की गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रईसुद्दीन, बुरहानुद्दीन निवासी काशीपुर तहसील सदर रामपुर को आरोपी बनाया था। नामजद आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी। इसके अलावा कुछ फर्म भी संदिग्ध पाई गई थी। जांच के बाद कुछ अन्य नाम भी प्रकाश में आए थे। प्रकाश में आए नाम को भी पुलिस ने मुकदमे में शामिल किया और आरोपियों की तलाश शुरू की।

पांच दिन पहले पुलिस नें अजीम अहमद निवासी इमरान चौक जसपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंगलवार को पुलिस ने एक और आरोपी नाजिम पुत्र फकीरा निवासी जामा मस्जिद पुराना मछली बाजार छिपयान जसपुर जनपद उधमसिंहनगर को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अनुपम शर्मा दरोगा जितेन्द्र कुमार, विनय कुमार, अनुजपाल, मोनू कुमार शामिल हैं।





पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# गोली लगने से 25 हजार का इनामी घायल



अस्पताल में उपचार कराता आरोपी।

जागरण मोर्चा कार्यालय


**रामपुर।** लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। दोनो को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

पुलिस काफी समय से उसको तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते 6 अप्रैल को सिविल लाइंस पुलिस आश्रम पद्धति रोड पर चेकिंग कर रही थी। आरोपी ने फायर किया गया। जिसमें हेड कांस्टेबल राजीव गोली लगने से घायल हो गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में युवक बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। सिपाही राजीव एवं आरोपी गुफरान उर्फ गुफ्फी को उचित उपचार के लिए अस्पताल भेजा। आरोपी गुफरान उर्फ गुफ्फी के कब्जे से एक तमंचा,एक खोखा कारतूस व 3 जिन्दा कारतूस एवं एक पीली धातु की चैन एक मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान गुफरान उर्फ गुफ्फी पुत्र इकराम निवासी हिन्दुपुरा दीपा सराय थाना नखासा जनपद सम्भल के रूप में की गयी। अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल के बारे में बताया कि मेरे द्वारा यह मोटरसाइकिल दिल्ली से चुराई गई थी। इस मोटर साईकिल से ही प्रत्येक दिन स्थान बदल बदल कर छीना झपटी एवं चोरी करता हूं। मोटरसाइकिल के संबंध में थाना मंडावली, दिल्ली पर 3.मार्च मुकदमा दर्ज हुआ था।

### आरोपी पर दर्ज है 20 मुकदमें

रामपुर। आरोपी गुफरान उर्फ गुफ्फी निवासी मोहल्ला हिन्दुपुरा खेड़ा दीपा सराय थाना नखासा जनपद संभल पर आस पास के जिलों में 20 मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा अनूपशहर में भी आरोपी पर मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस काफी समय से आरोपी तलाश रही थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन,दरोगा पवन कुमार,राहुल कुमार हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, सिपाही गौरव कुमार,हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार, कुलवीर सिंह शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटरों में रिचार्ज की व्यवस्था को किया जाए खत्म, पुरानी बिलिंग व्यवस्था हो लागू




जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में करीब 30 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए चुके हैं। इन मीटरों से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबसे यह मीटर लगे है बिजलीघरों में बिल जमा करने के लिए सुबह-शाम के महिलाओं, पुरूषों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही है। बिल जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं की बिजली नहीं मिल पा रही है। इसको लेकर उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश है।

इन मीटरों को लेकर नई समस्या भी आने लगी है। कई-कई बार रिचार्ज कराने पर भी बिजली कट हो रही है और घरों में अंधेरा छा जाता है, जबकि मीटर में लाइट चालू रहती है। शहर के मोहल्ला झंडा निवासी आजम खां का कहना है कि बिजली विभाग को चाहिए कि पुरानी बिलिंग व्यवस्था को लागू करें। क्योंकि ऐसे में कारोबार का बहुत बुरा हाल है।

इन मीटरों से लोग काफी परेशान है। इस मामले में कई बार विभाग के अधिकारियों को बोला गया है लेकिन ऐसे में अधिकारी समस्या का समाधान करने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं।

### बोले उपभोक्ता



बिल जमा करने की जो पहले व्यवस्था थी। उसी को लागू किया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके। बिजली विभाग को चाहिए कि पुरानी बिलिंग व्यवस्था को लागू करें। जिससे लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। **- मुन्ने**



स्मार्ट मीटरों में आ रही परेशानी को देखते हुए उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए रिचार्ज व्यवस्था खत्म की जाए। ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। आसानी से लाइट मिल सके। और लोगों को परेशानी न हो **-सैफ अली कुरैशी**



उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन मीटरों में ज्यादातर शिकायतें आ रही है। पूरे-पूरे दिन लाइट गायब रहने के कारण भी लोगों को काफी परेशानी आती है। **-आजम**



स्मार्ट मीटरों के बिल जमा करने के लिए लोग लाइनों में लगने को मजबूर है। रिचार्ज कराने के बाद भी बिजली कट हो रही है। पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगातार जारी रहती है। जिससे लोग परेशान रहते हैं। **-मोहम्मद फाजिल**

# अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में 22 को होगी सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** पासपोर्ट मामले में मंगलवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील की ओर से अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सात साल की सजा के खिलाफ अपील मामले में सरकारी वकील की ओर से उनकी जमानत पर आपत्ति दाखिल की। और उसकी नकल भी अब्दुल्ला आजम के वकील को दी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। इसके अलावा मशीन चोरी मामले में मंगलवार को आरोप तय नहीं हो सके। अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।

अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रट कोर्ट ने दिसंबर 2025 में अब्दुल्ला आजम खां के सात साल की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया था। इस फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। मंगलवार को इस मामले में अब्दुल्ला आजम की अपील और जमानत पर सुनवाई हुई। जिसमें सरकारी वकील ने आपत्ति दाखिल की। और उसकी एक कॉपी सौंपी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। जबकि मजिस्ट्रेट कोर्ट में थाना कोतवाली में दर्ज मशीन चोरी के मामले में आजम खां के अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद आरोप तय नहीं हो सके। अब अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। इसके अलावा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अजहर खां की सिविल लाइंस के एक धोखाधड़ी मामले में सोमवार को सुनवाई हुई थी। जिसमें सरकारी वकील ने समय मांगा था। जिसमें मंगलवार को कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 21 अप्रैल की तारीख नियत की है।

## सार संक्षेप



थाना टांडा में अभिलेख चेक करते एसपी।

### एसपी ने थाना टांडा का किया निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने थाना टांडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।अभिलेखों के समुचित संधारण, अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने, साफ-सफाई आदि के संबंध में संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिये।

### जिलाध्यक्ष ने की एसपी से मुलाकात

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित ने शिष्टाचार भेंट की। साथ ही उन्हें कार्यभार ग्रहण की बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने जनपद को अपराध मुक्त बनाने और आम नागरिक को न्याय दिलाने के लिए उम्मीद जताई है।



एसपी को गुलदस्ता देते जिलाध्यक्ष।



### शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने नवनियुक्त एसपी से की मुलाकात

**शाहबाद।** पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के पदाधिकारियों ने संगठन के अध्यक्ष आफताब के नेतृत्व में पहुंचकर नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा का स्वागत किया। इस दौरान संगठन के संरक्षक वीपी विद्यार्थी ने एसपी को श्रीमद् भागवत गीता भेंट की। मुलाकात के दौरान पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब ने एसपी से पत्रकारों की सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों पर मदद करने का अनुरोध किया। वहीं महासचिव सिफत मियां और कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर ने एसपी सोमेंद्र मीणा को पत्रकार संगठन के बारे में विस्तार से अवगत कराया। संस्थापक एहसान खां ने संगठन के द्वारा पूर्व की भांति आगे भी पुलिस को पूर्ण सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक बीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर, संयुक्त सचिव फैज़ी खान, सचिव तकरीर अहमद आदि रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में शाहबाद का बाइक सवार जख्मी, हालत गंभीर

**शाहाबाद।** नगर के मोहल्ला जिलेदारन निवासी अख्तर पुत्र छुट्टन सोमवार को निजी कार्य से मुरादाबाद गए हुए थे, देर रात वापस लौटते वक्त ताजपुर बेहटा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अख्तर बुरी तरह जख्मी हो गए।टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल अख्तर को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने घायल अख़्तर को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजनों ने अख्तर को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अख्तर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### साइबर सेल की मदद से मिला गुम हुआ मोबाइल

**शाहबाद।** थाना पुलिस की साइबर सेल की मदद से समाजसेवी का गुम हुआ मोबाइल फोन मिल गया। पुलिस ने समाजसेवी को मोबाइल फोन सौंपा तो समाजसेवी ने पुलिस की जमकर प्रशंसा की। समाजसेवी गिरीश पाठक का रियल मी 11प्रो 5जी मोबाइल फोन बीती 13 मार्च को थाना क्षेत्र शाहबाद में गुम हो गया था। गिरीश पाठक ने थाने पर मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद साइबर सेल की मदद से पुलिस ने मंगलवार को समाजसेवी का मोबाइल फोन बरामद करते हुए उन्हें सौंप दिया। इस मौके पर निरीक्षक/ प्रभारी साइबर सेल जयप्रकाश सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेन्द्र कुमार आदि रहे।



फोन सौंपते साइबर सेल प्रभारी जयप्रकाश सिंह।

# वजीरनगर में हुआ शिक्षा चौपाल का आयोजन

## विद्यालय के बच्चों के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तुत की गई लघु नाटिका

जागरण मोर्चा कार्यालय


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक एवं अभिभावक। -जागरण मोर्चा


भगवान भोलेनाथ के रूप में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा।

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ की न्याय पंचायत पंजाबनगर के प्राथमिक विद्यालय वजीरनगर में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया। शिक्षा चौपाल का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना एवं एआरपी महेश कुमार द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु लघु नाटिका का प्रस्तुतिकरण किया गया। शिक्षा चौपाल में नोडल संकुल नरेन्द्र कुमार सैनी के द्वारा शिक्षा चौपाल के उद्देश्यों, निपुण भारत मिशन कार्यक्रम, शिक्षक अभिभावक समन्वय आदि विषयों पर अवगत करवाया।महेश कुमार द्वारा बच्चों के ठहराव, शिक्षकों के दायित्व, शिक्षण योजना आदि पर चर्चा की गई। संकुल शिक्षक शोएब अहमद अंसारी के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रहीं महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में निपुण छात्रों एवं राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स एवं उनके टीम लीडर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजीव सिंह, राकेश सिंह, समाज सेवी अमर सिंह, नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश, शिक्षा मित्र संगठन के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव, ललित कुमार, धर्मेश्वरी, सुगंध सैनी, शोभा शर्मा, सुषमा सिंह, विश्वास कुमार, आदेश कुमार, शांति देवी, रामवती देवी, करुणा सिंह, रेनू कुमारी, ममता सैनी, रश्मि सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के सुपरवाइजर ने लिफ्ट संचालकों से मांगे 50 हजार रुपये

- लिफ्ट संचालकों ने सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल की लिफ्ट संचालकों से ठेकेदार के सुपरवाइजर ने पचास हजार रुपये मांगे है, न देने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी है। इस मामले की शिकायत संचालकों ने जिलाधिकारी से की है।

जिलाधिकारी को दिए पत्र में नीरज कुमार, नरेश कुमार, आकाश और धर्मवीर सिंह ने कहा है कि अस्पताल में कई वर्षों से लिफ्ट संचालन संबंधित कार्य कर रहे हैं,लेकिन आज तक न तो नियुक्ति पत्र और ईपीएफ की पासबुक दी गई है। 1 अप्रैल 2026 से उत्तर प्रदेश आउटसोर्सिंग निगम प्रभावी हो रहा है, लेकिन ऐसे में ठेकेदार सर्वेश अग्रवाल ने निगम का कोई फार्म उपलब्ध नहीं कराया और न ही रजिस्ट्रेशन कराया है। संचालकों ने ठेकेदार के सुपरवाइजर मुनीष पाल भी 50,000 रुपये मांग रहा है। न देने पर सुपरवाइजर ने नौकरी से बाहर निकाले जाने की धमकी दी है।

कहा कि संचालकों के खातों में प्रतिमाह 11850 रुपये आते है, इसमें सुपरवाइजर 2850 रूपये ठेकेदार के नाम पर लेते हैं। कहा कि इस मामले की शिकायत अस्पताल प्रशासन से भी गई है। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है।

इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। सुपरवाइजर को बुलाकर मामले की जानकारी ली जाएगी।

# शिक्षिका की हत्या करने में पति गिरफ्तार,एक फरार

- किराये के मकान में शिक्षिका का मिला था शव

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र के शिव विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली शिक्षिका का शव नग्न अवस्था में कमरे में पड़ा मिला था। इस मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी जेल चला गया। जबकि एक आरोपी फरार चल रहा है।

सिविल लाइंस के शिव विहार में शिक्षिका अपने पति और बेटे संग किराये के मकान में रह रही थी। घटना का खुलासा जब हुआ सोमवार की सुबह दूधवाला आया और दूध देने के लिए दरवाजा खुलवाया। जब दरवाजा नहीं खुला,तो उसने अंदर झांककर देखा। यहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। मोहल्ले के लोग जमा हो गए थे। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया दिया था। जिसकी शिनाख्त जनपद मेरठ के मवाना के गांव खटीमा निवासी राहुल की पत्नी एकता उर्फ पूजा के रूप में हुई थी,जोकि बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका थी। मौजूदा समय में उसकी तैनाती ब्लॉक चमरौआ के गांव ठाकुरद्वारा के प्राथमिक विद्यालय में चल रही थी। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जिसमें राहुल कुमार, गौरव कुमार निवासी शिव विहार कॉलोनी थाना सिविल लाईन के रहने वाले हैं। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि इस मामले में शिक्षिका के पति अनुराग सिंह को पकड़ने के बाद कोर्ट में किया। जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। दहेज को लेकर विवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी थी।

## मेहर को लेकर बात बिगड़ने पर बारात लौटी, सुलह के बाद हुआ निकाह

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला जिलेदारान के एक परिवार में खुशियों का माहौल उस वक्त गमगीन हो गया जब बारात बिना दुल्हन को लिए लौट आई, हालांकि कुछ घंटे बीतने के बाद दुल्हा फिर से गांव पहुंचा और निकाह कर दुल्हन को लेकर घर आया। शाहबाद नगर के मोहल्ला जिलेदारान के युवक की शादी शाहबाद तहसील के मधुपुरी गांव की युवती के साथ तय हुई थी, सोमवार देर शाम में दूल्हा बारात लेकर मधुपुरी गांव पहुंचा, बारात ने खाना भी खा लिया, लेकिन निकाह से पहले मेहर की बात चल पड़ी और इसी को लेकर दोनों पक्षों में बात बिगड़ती चली गई। दुल्हन के पिता ने निकाह से इंकार कर दिया। दुल्हा बिना दुल्हन के घर वापस लौट आया। बैरंग लौटी बारात को देखकर घर में मौजूद महिलाओं के होश उड़ गए। इसी बीच शाहबाद और मधुपुरी के लोगो ने दोबारा से बातचीत शुरू की। समझाने के बाद दुल्हन पक्ष निकाह के लिए राज़ी हो गया।

# महाराजा निषादराज जयंती कार्यक्रम में सभी स्वजातीय परिवार होगे शामिल: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में शाहबाद के ग्राम पंचायत ठिरिया सालेपुर में बृजपाल सिंह तुरैहा द्वारा संचालित तुरैहा शिशु निकेतन के प्रांगण में महाराजा निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम से बनाया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया की जिस समाज को अपने वंशज व महापुरुषों की जानकारी नहीं है। वहीं समाज आज कमजोर है। इसीलिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील व ग्राम पंचायतों में महाराजा निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन रूप से मनाया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत के सभी स्वजातीय परिवारों ने प्रतिभाग किया जा रहा है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान ठिरिया सालेपुर गोविंद राम ने कहां की तुरैहा मछुआ स्वजाति समाज के लोग जब तक अपने घरों से नही निकलेगे तो समाज को संगठित नही कर पाएंगे। इसलिए महाराजा निषाद जयन्ती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिससे समाज के लोग जान पाए की उनके वंशजों व महापुरुषों ने अपने जीवनकाल में कितना संघर्ष व त्याग किया था। मछुआ तुरैहा समाज के जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट सभी स्वजातीय परिवारों का आह्वान करते हुए बताया की मुख्यालय पर होने वाले जनपद स्तरीय महाराजा निषादराज जयंती व महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसी उद्देश्य से जनपद की सभी तहसील की ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले सभी तुरैहा मछुआ समाज के स्वजातीय परिवार सहित प्रतिभाग करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आंजनेय कुमार सिंह, मंडलायुक्त विशिष्ट अतिथि मुरादाबाद के विख्यात डॉक्टर सीपी सिंह और उत्तराखंड सरकार में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप रहेंगी।

इस मौके पर जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा, विनोद कुमार,बृजपाल सिंह तुरैहा, राजेश कुमार,अजय कुमार,अर्जुन कुमार, अरविन्द कुमार, मदन लाल, शिव दयाल, राजीव तुरैहा सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रधान गोविंद राम ने किया।

## स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू पर्यटन सर्वेक्षण हेतु मनकरा का चयन

**रामपुर।** भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू पर्यटन सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इस कार्य के लिए चयनित चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में विभागीय अधिकारियों ने सर्वेक्षण से संबंधित आंकड़ों के संग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया है।

राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने बताया कि उप क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद से वरिष्ठ सांख्यकीय अधिकारी गगन उपाध्याय ने पत्र भेजकर उक्त सर्वेक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मनकरा के चयन की जानकारी दी थी। इसके बाद विभागीय अधिकारियों की एक टीम ने गांव आकर सर्वेक्षण से संबंधित आंकड़े जुटाए। टीम ने घर घर जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू पर्यटन से संबंधित जानकारी जुटाई है।

## एक नजर

### विनोद की मुहिम पर मनोना धाम के महंत ने भी की तम्बाकू से भगवान कुबेर की फोटो हटाने की मांग


मंहत जी मुलाकात करते विनोद गुप्ता।

### निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचायत- भैंसरौली , विकास खण्ड रजपुरा , जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना के अनुसार वित्त आयोग, केंद्र वित्त आयोग, ओ.एस.आर., वी बी-जी राम-जी एवं अन्य विभिन्न मद से प्राप्त धनराशि के द्वारा कॉन्ट्रेक्शन के कार्य जैसे-शासकीय भवन निर्माण एवं मरम्मत, नाली/नाले/ इंटरलॉकिंग/खडंजा निर्माण एवं मरम्मत/इत्यादि कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने प्रस्तावित है।

उक्त कॉन्ट्रक्शन के कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूति/सप्लाई करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार, फर्मे, सामग्री सप्लायर एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दिनांक 08.04.2026 से 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत भवन में रखे टैंडर बाक्स/बॉक्स में शीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है, जोकि दिनांक 15.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी, स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के आदेशों पर की जायेगी, सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई एवं बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी, सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति करता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग से होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. विभाग की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हों, सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. विक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट नालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8. | सी.सी. इटरलॉकिंग 80 एम.एम. सफेद, रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 9. | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वर्टर, सीसी टी.वी. कैमरा,अलमारी,दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, पर्दे आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग (एक) | |
| 10. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित/कार्टेज मिट्टी | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेंटिंग/डेम प्रूफ वेदर मैक्स प्रूफ पेन्ट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन एंगिल, टीनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बैंच लकड़ी की बैंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/ठेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीट नाशक/बिल्चिंग पाण्डर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 29. | पेन्ट/डिस्टेम्पर/अप्रैक्स | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35. | बाल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी.पाईप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38. | स्टील गाटर डिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिडकी | प्रति कुतल | |
| 41. | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 42. | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 43. | M.R.F. सम्बंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 44. | इंसीनेटर मशीन | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |

सचिव ग्राम पंचायत भैंसरौली
विकास खण्ड रजपुरा

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर, विकास खण्ड रजपुरा, जनपद-सम्भल

पत्रांक : 01/ग्रा.पं./वि.कार्य/निविदा/कुटेशन/टैंडर/2026-27 दिनांक : 07.04.2026

### निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचायत- कमालपुर , विकास खण्ड रजपुरा , जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना के अनुसार वित्त आयोग, केंद्र वित्त आयोग, ओ.एस.आर., वी बी-जी राम-जी एवं अन्य विभिन्न मद से प्राप्त धनराशि के द्वारा कॉन्ट्रेक्शन के कार्य जैसे-शासकीय भवन निर्माण एवं मरम्मत, नाली/नाले/ इंटरलॉकिंग/खडंजा निर्माण एवं मरम्मत/इत्यादि कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने प्रस्तावित है।

उक्त कॉन्ट्रक्शन के कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूति/सप्लाई करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार, फर्मे, सामग्री सप्लायर एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दिनांक 08.04.2026 से 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत भवन में रखे टैंडर बाक्स/बॉक्स में शीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है, जोकि दिनांक 15.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी, स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के आदेशों पर की जायेगी, सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई एवं बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी, सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति करता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग से होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. विभाग की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हों, सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. विक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईंट नालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8. | सी.सी. इटरलॉकिंग 80 एम.एम. सफेद, रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 9. | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वर्टर, सीसी टी.वी. कैमरा,अलमारी,दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, पर्दे आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग (एक) | |
| 10. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित/कार्टेज मिट्टी | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेंटिंग/डेम प्रूफ वेदर मैक्स प्रूफ पेन्ट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन एंगिल, टीनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बैंच लकड़ी की बैंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/ठेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीट नाशक/बिल्चिंग पाण्डर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 29. | पेन्ट/डिस्टेम्पर/अप्रैक्स | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35. | बाल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.बी.सी.पाईप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38. | स्टील गाटर डिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिडकी | प्रति कुतल | |
| 41. | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 42. | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 43. | M.R.F. सम्बंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 44. | इंसीनेटर मशीन | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |

सचिव ग्राम पंचायत कमालपुर
विकास खण्ड रजपुरा

एक नजर

## बिना बुलाए शादी में दावत खाने पहुंचे युवक, माफी मांगने पर छोड़ा

**हसनपुर।** नगर के बाईपास मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल में सोमवार रात आयोजित शादी समारोह के दौरान लगभग एक दर्जन युवक बिना बुलाए दावत खाने पहुंच गए। दुल्हन पक्ष के लोगों को मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने युवकों को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की गई, तो वह कोई सही जवाब नहीं दे सके। इसके बाद युवकों को बैंकट हॉल के कोने में करीब आधे घंटे तक जबरन बैठाए रखा गया। माफी मांगने के बाद युवकों को जाने दिया गया। युवक घुमंतू जाति से संबंधित बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक नगर निवासी युवती की बारात नजदीकी एक कस्बे से आई थी। बारात में खाना चल रहा था। इस दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों को कुछ युवकों को देखकर कुछ शक हुआ। युवकों से जानकारी की तो वह यह नहीं बता सके कि उन्हें किस पक्ष की ओर से बुलाया गया है। जांच पड़ताल के दौरान पता लगा कि युवक घुमंतू जाति से संबंधित हैं और पिछले काफी समय से नगर में डेरा डाले हुए हैं। दुल्हन पक्ष के लोगों ने युवकों को काफी देर तक बैंकट हाल के कोने में जबरन बैठाए रखा। बाद में माफी मांगने पर छोड़ दिया गया।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को मिली सौगात मानदेय वृद्धि का शासनादेश हुआ जारी

## शिक्षामित्रों को 18,000 और अनुदेशकों को मिलेगा 17,000 रुपये मानदेय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के लाखों शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को एक बड़ी सौगात दी है। आज हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। इस निर्णय के तहत अब शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18,000 रुपये और अनुदेशकों का मानदेय 17,000 रुपये कर दिया गया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से प्रदेश भर के शिक्षा मित्रों जगत में हर्ष का माहौल है।



सरकार की फैसले पर खुशी जताते शिक्षामित्र। –जागरण मोर्चा

कैबिनेट के फैसले की सूचना मिलते ही शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आज गंगेश्वरी क्षेत्र के संविलियन विद्यालय गंगाचोली में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक एकत्रित हुए। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर अपनी खुशी का इजहार किया। काफी समय से लंबित इस मांग के पूरा होने पर शिक्षकों ने इसे अपनी बड़ी जीत बताया।प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मानदेय में वृद्धि कर शिक्षाकर्मियों के सम्मान और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की है। इस अवसर पर पूर्व एआरपी विकास राहुल, डॉ. रमेश सिंह, शिशिर सिंह, पंकज कुमार, हुस्ने आलम, शिक्षामित्र जसवंत सिंह, विक्रम सिंह,राहुल शर्मा, राशिद अली, संतराम सिंह, गरिमा राणा, अंशुल सिंघल, सीमा सहित कई शिक्षक और शिक्षामित्र मौजूद रहे।


बारिश में छाते का प्रयोग करते। –जागरण मोर्चा

## बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहाना, लोगों को हुआ ठंड का एहसास

जागरण मोर्चा कार्यालय

- किसानों को बूंदाबांदी से फसल में भारी नुकसान की संभावना
- लोग छाता लगाकर अपने घरों से निकले

**हसनपुर।** मंगलवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे, जिसके कारण सुबह से ही नगर वासियों को गर्मी से नगर वासियों को राहत मिल गई थी।

वही मंगलवार की दोपहर को बारिश होने से नगर का मौसम और सुहाना हो गया, वहीं बारिश से बचने के लिए लोग छाता लगाकर घरों से निकले। बूंदाबांदी के कारण सड़कों पर नमी बनी रही और हवा में ताजगी की महसूस की गई, वहीं मौसम में आए बदलाव से लोगों की दिनचर्या में आकर पड़ा है। वही बारिश से किसानों की चिंता बढ़ रही है, यह मौसम किसानों के लिए नुकसानदायक बताया जा रहा है। खासकर गेहूं की फसल में बूंदाबांदी से भारी नुकसान की संभावना जताई जा रही है।

## हर्षोल्लास से मना सीएनएस एकेडमी का वार्षिक उत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसीलदार क्षेत्र के कुचावली स्थित सीएनएस एकेडमी में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुन्दर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बाबा फुलसनदे वालों को शाल पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपाल सिंह व्यस्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नु, डॉ. अनुज अग्रवाल, श्रीमती पल्लवी अग्रवाल, अरविंद गुरु जी, जेआरएसएम कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक सचिन यादव तथा भारत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन शुभम चौधरी भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## प्रोडक्शन अफसर का रास्ता रोक कर मारपीट, पुलिस में की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर के अटल जी नगर मोहल्ला निवासी हिमांशु सिंह जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर्स लिमिटेड भरतियाग्राम में प्रॉडक्शन अफसर हैं। उनका कहना है कि वह 29 मार्च की रात करीब 9.20 बजे रात की शिफ्ट होने के कारण ड्यूटी पर जा रहे थे। वह श्रीराम मंदिर के पास वाले अंडरपास से निकले थे। उनका नाम लेकर किसी ने आवाज दी। वह रुक गए। उनका आरोप है कि इस दौरान चार बाइकों पर सवार होकर आए आठ युवकों ने उनको घेर लिया। सभी नकाबपोश थे। लाठी डंडों और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने जान बचाते हुए एक युवक को धक्का दिया। उसके मुंह पर बंधा हुआ कपड़ा हट गया। उस युवक को उन्होंने पहचान लिया। उसका नाम कुणाल है। वह पहले फैक्टरी में ही लेबर में काम करता था। वह किसी तरह युवकों से जान बचाकर भागे। अपने साथ हुई घटना साथियों से बताई। पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कुणाल व उसके सात अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ल्ड ऑप्टोमेट्री डे पर छात्रों ने दिखाया हुनर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज में ए शेयर्ड विज़नः इन्नोवेशन, कोलैबोरेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन ग्लोबल आई केयर पर हुईं ओरल प्रजेंटेशन, मॉडल, मेंहदी, पोस्टर और क्विज़ प्रतियोगिताएं, कैंपस में जागरूकता रैली निकाल कर नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज में विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस ए शेयर्ड विज़नः इन्नोवेशन, कोलैबोरेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन ग्लोबल आई केयर पर ओरल प्रजेंटेशन, मॉडल, मेंहदी, पोस्टर और क्विज़ प्रतियोगिताएं हुईं। ओरल प्रजेंटेशन में बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री- बीऑप्टाम सेकेंड ईयर की सहरिश खान विजेता रहीं। मॉडल प्रतियोगिता में डिप्लोमा सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स- अनमता, हिमांशु यादव, विशाल और हिमांशु का ग्रुप अव्वल रहा। मेंहदी प्रतियोगिता में बीऑप्टाम फर्स्ट ईयर की युमन हुदा ने बाजी मारी। पोस्टर प्रतियोगिता में बीऑप्टाम फर्स्ट ईयर की प्रियांशी मित्तल अव्वल रहीं, जबकि क्विज़ प्रतियोगिता में बीऑप्टाम सेकेंड ईयर के स्टुडेंट्स- मिर्जा मुजस्सिर, अलीशा, अंशु सैनी, खुशी और फर्स्ट ईयर के मो. रोमान का ग्रुप विजेता रहा। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, बीएमएलटी की एचओडी प्रो. रुचि कांत, फॉरेंसिक साइंसेज के एचओडी रवि कुमार, रेडियोलॉजी के एचओडी अमित बिष्ट आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पोस्टर प्रस्तुति में डॉ. रुचि कांत, मौखिक प्रस्तुति में अमित बिष्ट, मॉडल प्रस्तुति में रवि कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। दूसरी ओर बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री और डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री के स्टुडेंट्स ने कैंपस में जागरूकता रैली निकाल कर नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और नियमित दृष्टि जांच के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। रैली की थीम आई केयर ऐवरीव्हेर रही।


### कार्यालय ग्राम पंचायत केवलपुर तिपेड़ा, विकास खण्ड रजपुरा, जनपद-सम्भल

पत्रांक : 01/ग्रा.पं./वि.कार्य/निविदा/कुटेशन/टेंडर/2026-27 दिनांक : 07.04.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचायत-केवलपुर तिपेड़ा, विकास खण्ड रजपुरा , जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना के अनुसार वित्त आयोग, केंद्र वित्त आयोग, ओ.एस. आर., वी बी-जी राम-जी एवं अन्य विभिन्न मद से प्राप्त धनराशि के द्वारा कॉन्ट्रेक्शन के कार्य जैसे-शासकीय भवन निर्माण एवं मरम्मत, नाली/नाले/ इंटरलॉकिंग/खडंजा निर्माण एवं मरम्मत/इत्यादि कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने प्रस्तावित है।

उक्त कॉन्ट्रक्शन के कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूति/सप्लाई करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार, फर्मे, सामग्री सप्लायर एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दिनांक 08.04.2026 से 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत भवन में रखे टेंडर बाक्स/बॉक्स में शीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है, जोकि दिनांक 15.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी, स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के आदेशों पर की जायेगी, सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई एवं बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी, सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति करता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग से होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. विभाग की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हों, सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. विक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईट प्रथम श्रेणी एम-150एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईट नालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8. | सी.सी. इटरलॉकिंग 80 एम.एम. सफेद, रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 9. | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वर्टर, सीसी टी.वी. कैमरा,अलमारी,दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, पर्दे आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग (एक) | |
| 10. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित/कार्टेज मिट्टी | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेंटिंग/डेम प्रूफ वेदर मैक्स प्रूफ पेन्ट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन एंगिल, टीनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बैंच लकड़ी की बैंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/ठेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीट नाशक/बिल्चिंग पाण्डर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 29. | पेन्ट/डिस्टेम्पर/अप्रैक्स | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35. | बाल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.वी.सी.पाईप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38. | स्टील गाटर डिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिडकी | प्रति कुतल | |
| 41. | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 42. | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 43. | M.R.F. सम्बंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 44. | इंसीनेटर मशीन | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |

सचिव ग्राम पंचायत केवलपुर तिपेड़ा
विकास खण्ड रजपुरा

### कार्यालय ग्राम पंचायत खजरा इनायत गंज, विकास खण्ड रजपुरा, जनपद-सम्भल

पत्रांक : 01/ग्रा.पं./वि.कार्य/निविदा/कुटेशन/टेंडर/2026-27 दिनांक : 07.04.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ता एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचायत-खजरा इनायत गंज, विकास खण्ड रजपुरा , जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना के अनुसार वित्त आयोग, केंद्र वित्त आयोग, ओ.एस. आर., वी बी-जी राम-जी एवं अन्य विभिन्न मद से प्राप्त धनराशि के द्वारा कॉन्ट्रेक्शन के कार्य जैसे-शासकीय भवन निर्माण एवं मरम्मत, नाली/नाले/ इंटरलॉकिंग/खडंजा निर्माण एवं मरम्मत/इत्यादि कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराये जाने प्रस्तावित है।

उक्त कॉन्ट्रक्शन के कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूति/सप्लाई करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार, फर्मे, सामग्री सप्लायर एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दिनांक 08.04.2026 से 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय/पंचायत भवन में रखे टेंडर बाक्स/बॉक्स में शीलबन्द निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है, जोकि दिनांक 15.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेगी, स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के आदेशों पर की जायेगी, सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई एवं बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी, सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति करता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग से होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. विभाग की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हों, सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2. | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट/बालू रेत | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. विक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6. | ईट प्रथम श्रेणी एम-150एम | प्रति हजार | |
| 7. | ईट नालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8. | सी.सी. इटरलॉकिंग 80 एम.एम. सफेद, रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 9. | ऑफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वर्टर, सीसी टी.वी. कैमरा,अलमारी,दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, पर्दे आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग (एक) | |
| 10. | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11. | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12. | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 13. | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14. | मिट्टी दूरी सहित/कार्टेज मिट्टी | प्रति घन मीटर | |
| 15. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मीटर | |
| 16. | बाल पेंटिंग/डेम प्रूफ वेदर मैक्स प्रूफ पेन्ट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17. | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18. | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 19. | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20. | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 21. | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22. | आयरन एंगिल, टीनशेड | प्रति किग्रा. | |
| 23. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 24. | सी.सी. बैंच लकड़ी की बैंच | प्रति नग | |
| 25. | डस्टबिन/कूड़ा गाड़ी/सफाई किट/ठेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 26. | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 27. | कीट नाशक/बिल्चिंग पाण्डर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी. | |
| 28. | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 29. | पेन्ट/डिस्टेम्पर/अप्रैक्स | प्रति लीटर | |
| 30. | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31. | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32. | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग | प्रति नग/फीट | |
| 33. | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 34. | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 35. | बाल पुट्टी | प्रति बैग | |
| 36. | पी.वी.सी.पाईप | प्रति मीटर | |
| 37. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 38. | स्टील गाटर डिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 40. | लोहे का गेट/खिडकी | प्रति कुतल | |
| 41. | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 42. | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 43. | M.R.F. सम्बंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 44. | इंसीनेटर मशीन | प्रति नग | |
| 45. | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |

सचिव ग्राम पंचायत खजरा इनायत गंज
विकास खण्ड रजपुरा


## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तोड़फोड़, कीमती दवाइयां बिखेरीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में अज्ञात उपद्रवियों ने बीती रात जमकर तोड़फोड़ की। घटना का पता मंगलवार सुबह तब चला जब कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिमा यादव ड्यूटी पर पहुंचीं। केंद्र के दरवाजे और खिड़कियां टूटी हुई थीं और अन्दर दवाइयां अस्त-व्यस्त पड़ी थीं।

सीएचओ महिमा यादव ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। महिमा यादव ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र को निशाना बनाए जाने की यह दूसरी घटना है। करीब एक माह पूर्व भी अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर केंद्र से एक प्रिंटर चोरी कर लिया था, जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि सरकारी संस्थानों को सुरक्षित रखा जा सके। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पति-पत्नी में मारपीट, ससुरालियों ने पहुंचकर पति एवं उसकी बहन को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- घायलों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी

**हसनपुर।** पति पत्नी में कहा सुनी के बाद हुए विवाद के बाद पत्नी द्वारा अपने मायके वालों को बुलाया, ससुरालियों ने दामाद एवं उसकी बहन के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की, पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

नगर के मौहल्ला होली वाला में समीर पुत्र हनीफ अपने परिवार के साथ रहता है, सोमवार की रात्रि समीर एवं उसकी पत्नी के साथ कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी जिसकी सूचना समीर की पत्नी ने संभल निवासी अपने मायके वालों को दी गई, सूचना मिलते ही मगलवार को समीर के ससुराल पक्ष के लोग घर आ गए। समीर का आरोप है कि उसके ससुरालियों ने आते ही गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी, मारपीट के दौरान समीर व उसकी बहन समरीन घायल हो गए। इसके बाद वह विवाहित को लेकर संभल को चले गए। घायल अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एजेंसियों पर भीड़, उपभोक्ता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रसोई गैस की कमी से उपभोक्ताओं की परेशानी भी बढ़ती जा रही है और गैस के इंतजार में उपभोक्ताओं को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वही कंपनी द्वारा अनिवार्य की गई केवाईसी के लिए भी एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लाइन लगी रहती है, वही जल्दी के लिए उपभोक्ता प्रातः से ही एजेंसी पर लाइन में लग जाते हैं।


हसनपुर गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। –जागरण मोर्चा

वहीं एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। मंगलवार को नगर स्थित गैस इंडेन एजेंसी, सचिन इंडियन गैस एजेंसी एवं हिमांशु इंडियन गैस वितरक पर गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही, उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी पहुंचकर बुकिंग एवं केवाईसी कराई जा रही है।एजेंसी संचालकों का दावा है कि बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को सिलिंडर दिए जा रहे हैं।पूर्व में रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण भी उपभोक्ताओं को बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ी।ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार पहुंचे उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर का वितरण भी किया जा रहा है। उसके बावजूद गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। इससे कर्मचारी भी परेशान है। कर्मचारियों का कहना है कि अमेरिका-ईरान युद्ध को देखते हुए लोग एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं।गैस सिलिंडरों की अफवाह के चलते भी भीड़ बढ़ रही है। एजेंसियों पर भीड़ के चलते होम डिलीवरी करने में समस्या आ रही है।

## विद्युत लाईन से तीन झुलसे, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चौधरी में मंगलवार को मकान निर्माण के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। पिलर खड़ा करते समय ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से तीन व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में इकबाल, सोनू और इरफान शामिल थे, जिन्हें आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर इकबाल को मुरादाबाद रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था और पीछे पत्नी व तीन मासूम बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हालांकि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम से साफ इनकार कर दिया।

संपादकीय

# शिक्षा सुधार और राष्ट्र निर्माण की नई राह

किसी भी राष्ट्र की मौलिक पहचान उसकी सांस्कृतिक विरासत और शिक्षा प्रणाली में निहित होती है। जब शिक्षा अपने मूल्यों से भटककर बाहरी प्रभावों के दबाव में आने लगती है, तब न केवल सांस्कृतिक अस्मिता संकट में पड़ती है, बल्कि सामाजिक संतुलन भी प्रभावित होता है। नेपाल इसी संक्रमण काल से निकल रहा है, जहां नई पीढ़ी ने बदलाव की मांग को आंदोलन का स्वर दिया और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। युवा चेतना के इस उभार ने न केवल राजनीतिक समीकरण बदले, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं को भी पुनर्परिभाषित किया। प्रधानमंत्री बालेन शाह के नेतृत्व में मौजूदा शिक्षा प्रणाली में जो सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, वे इस बदलाव के ठोस संकेत हैं। शिक्षा संस्थानों को राजनीति से मुक्त करने का निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे अकादमिक वातावरण को निष्पक्ष और केंद्रित बनाया जा सके। सरकार द्वारा कोचिंग संस्थानों और तथाकथित 'ब्रिज कोर्स' पर प्रतिबंध लगाने का फैसला भी शिक्षा के व्यावसायीकरण पर प्रहार है। ये संस्थान जहां एक ओर छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाते थे, वहीं अभिभावकों के लिए आर्थिक बोझ का कारण बनते थे। ऐसे में इन पर नियंत्रण शिक्षा को समान अवसर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की ओर ले जाने का प्रयास है। इसी क्रम में विदेशी नामों से संचालित शिक्षण संस्थानों को स्थानीय पहचान अपनाने का निर्देश सांस्कृतिक स्वाभिमान को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है। साथ ही, प्राथमिक स्तर तक परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर वैकल्पिक मूल्यांकन लागू करना बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम माना जा सकता है। हालांकि, इन सुधारों की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। शिक्षा को राजनीति और बाजार के प्रभाव से मुक्त कर उसे राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाना ही इस पहल की वास्तविक कसौटी होगी। नेपाल का यह प्रयोग न केवल उसकी आंतरिक संरचना को मजबूत कर सकता है, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

# सियासत में छवि बनाम संगठन का संघर्ष

जनसरोकारों को संसद में मुखरता से उठाना लोकतंत्र की आत्मा माना जाता है, लेकिन जब किसी सांसद की यह मुखरता अपनी ही पार्टी के भीतर असहजता पैदा करने लगे, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। हालिया घटनाक्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने का मामला इसी द्वंद्व को उजागर करता है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली 'आप' ने हाल ही में राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटा दिया और उनकी जगह आशोक मित्तल को नियुक्त कर दिया। साथ ही पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी कोटे से बोलने का समय न दिए जाने की अनुरोध भी किया। इस कदम के बाद दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक वाकयुद्ध शुरू हो गया है। दरअसल, राघव चड्ढा ने बीते महीनों में संसद के भीतर जिन मुद्दों को उठाया, वे आम जनता की रोजमर्रा की समस्याओं से जुड़े थे, गिग वर्कर्स के अधिकार, स्कूल फीस की बढ़ती दरें, एयरलाइन नीतियों की असमानताएं और टेलीकॉम कंपनियों की मनमानी। ये सभी विषय जनहित से सीधे जुड़े हैं, लेकिन पार्टी नेतृत्व को यह महसूस हुआ कि इन मुद्दों के चयन और प्रस्तुति में संगठन की प्राथमिकताओं से अधिक व्यक्तिगत पहचान गढ़ने की झलक दिखाई दे रही है।

राघव चड्ढा ने अपने जवाब में कहा कि वे 'खामोश' तो किए जा सकते हैं, लेकिन 'पराजित' नहीं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर संसद में उठाए गए अपने मुद्दों को हाइ-लाइट किया, जिसमें गिग वर्कर्स के अधिकार, 28 दिन वाले मोबाइल रिचार्ज चक्र की समस्या, एयरपोर्ट पर महंगे खाने की दरें जैसी रोजमर्रा की उपभोक्ता समस्याएं शामिल हैं। ये मुद्दे मध्यवर्ग व आम जनता के जीवन से सीधे जुड़े हैं और सोशल मीडिया पर काफी चर्चित भी रहे। दूसरी ओर आप नेतृत्व का आरोप है कि चड्ढा ने पंजाब के प्रमुख मुद्दों (जो पार्टी की प्राथमिकता हैं) को संसद में पर्याप्त रूप से नहीं उठाया। पार्टी चाहती थी कि उसके सांसद केंद्र सरकार की नीतियों (महंगाई, बेरोजगारी और अन्य बड़े राजनीतिक मुद्दों) पर अधिक आक्रामक तरीके से सवाल उठाएं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चड्ढा की अनुपस्थिति या



कुछ प्रमुख पार्टी कार्यक्रमों/संकटों (जैसे दिल्ली शराब घोटाले के समय) में सक्रिय भूमिका न निभाने से भी असहजता बढ़ी। यह मामला राजनीति में एक बड़े सवाल को सामने लाता है, क्या संसद में जनहित के मुद्दे उठाना हमेशा पार्टी की सामूहिक रणनीति से मेल खाना चाहिए? या सांसद को कुछ हद तक स्वतंत्रता मिलनी चाहिए?

राघव चड्ढा का राजनीतिक सफर अन्ना हजारे आंदोलन से शुरू होकर आप के प्रमुख युवा चेहरों में शामिल होने तक का रहा है। प्रवक्ता से राज्यसभा सांसद तक का सफर उनकी संचार क्षमता और मुद्दों को प्रभावी ढंग से रखने की काबिलियत को बताता है। लेकिन राजनीति में संगठनात्मक अनुशासन और व्यक्तिगत पहचान के बीच संतुलन बनाना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। आप जैसे दलों में, जो मूल रूप से आंदोलन से निकले हैं, यह टकराव और भी जटिल है। एक तरफ पार्टी सामूहिक अनुशासन और केंद्र सरकार पर एकजुट हमले की अपेक्षा रखती है, वहीं दूसरी तरफ चड्ढा जैसे नेता उपभोक्तावादी और मध्यवर्गीय मुद्दों को उठाकर अपनी अलग पहचान बना रहे थे। चड्ढा ने अपने जवाब में कहा कि तीन आरोपों में से कोई भी सच्चा नहीं है और यह एक 'कॉर्डिनेट कैंपेनिंग' का हिस्सा है। पार्टी की ओर से भी स्पष्ट जवाब आ रहे हैं कि यह अनुशासन का मामला है। हालांकि, एक दशक में प्रवक्ता से लेकर राज्यसभा सांसद तक का सफर उनकी राजनीतिक क्षमता का प्रमाण है। लेकिन राजनीति में उतार-चढ़ाव भी उतने ही स्वाभाविक हैं।

वर्तमान में स्थिति यह है कि पार्टी और राघव चड्ढा के बीच बढ़ती दूरी सार्वजनिक हो चुकी है। यह केवल एक व्यक्ति या एक पार्टी की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के उस बदलते स्वरूप का संकेत है, जहां व्यक्तिगत उभरती छवि और संगठनात्मक अनुशासन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अंत में, यह घटनाक्रम केवल राघव चड्ढा या आप की आंतरिक कहानी नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र में संसदीय भूमिका, पार्टी अनुशासन और सांसद की स्वतंत्र आवाज के बीच के स्थायी तनाव को दर्शाता है। क्या जनसरोकारों को उठाने की कीमत राजनीतिक असहमति होनी चाहिए? या यह बहस लोकतंत्र को और मजबूत बनाती है? आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि राघव चड्ढा अपनी राजनीतिक राह कैसे आगे बढ़ाते हैं, क्या वे पार्टी के अंदर ही रहकर अपनी आवाज को समायोजित करेंगे, या यह टकराव और आगे बढ़ेगा।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय आज बेहद शानदार बना हुआ है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।
- **वृषभ राशि**:- परिस्थितियों के आपके पक्ष में आने की पूरी संभावना है मानसिक प्रसन्नता रहेगी धन की आवक होगी।
- **मिथुन राशि**:- समय आज कमजोर सा है मन अशांत रहेगा बहस करने से बचें कामकाज में सावधानी बरतें।
- **कर्क राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपको लाभ देती जा रही है कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा प्रेम संबंध मन के अनुकूल रहेंगे।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार स्थिति में है आपके द्वारा सोचे गए कार्य आसानी से संपन्न होंगे।
- **कन्या राशि**:- समय धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी संतान से जुड़ा हुआ कोई कार्य संपन्न होगा।
- **तुला राशि**:- चंद्रमा अभी भी आपको तंग कर रहा है कार्यक्षेत्र से जुड़े आवश्यक निर्णय लेने से बचें बहस बिल्कुल न करें।
- **वृश्चिक राशि**:- पराक्रम भाव में बनी शुभ ग्रह स्थिति आपको लगातार लाभ देगी सहयोग में वृद्धि होगी संबंध शानदार रहेंगे।
- **धनु राशि**:- समय अभी ठीक नहीं है घर परिवार को लेकर परेशानी बनी रहेगी धन की चिंता रहेगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की अनुकूलता के चलते आपके कार्यों में मजबूती बनी रहेगी लोग आपकी प्रशंसा करेंगे प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि**:- समय आज ठीक नहीं है मन तनाव से भरा रहेगा बेकार के कार्यों में धन खर्च हो सकता है सहयोग में कमी रहेगी।
- **मीन राशि**:- समय आने वाले दिनों में भी आपकी मदद करेगा इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।



बार-बार घटित होती भगदड़ की त्रासदियां केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक विफलताओं का आईना हैं। धार्मिक आस्था, उत्साह व भीड़ का अनियंत्रित प्रवाह जब व्यवस्था से टकराता है, तो परिणाम अक्सर भयावह होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम इन घटनाओं को संयोग नहीं, बल्कि सीख में बदलें और भीड़ प्रबंधन को गंभीरता से समझें।

# भीड़ और भगदड़ में दबकर दम तोड़ती जिंदगियां

लंबे समय से देश के अलग-अलग हिस्सों से धार्मिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिनमें हजारों लोग पैरों तले कुचलकर अपनी जान गंवा बैठे। इसी कड़ी में एक घटना और जुड़ गई। बिहार के नालंदा में बीते सप्ताह शीतला अष्टमी के दिन मची भगदड़ में नौ लोगों की मौत हो गई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि हर बार की घटनाओं से हमने क्या सीखा है? बताया जाता है कि नालंदा के शीतला माता मंदिर में जहां सामान्य दिनों में सैकड़ों लोग ही आते हैं, वहां अचानक हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। इस हाल में पुलिस की अनभिज्ञता, प्रशासनिक ढिलाई और अव्यवस्थित प्रवेश-निकास मार्ग, इन सबने मिलकर एक ऐसी स्थिति बना दी, जिसमें दुर्घटना लगभग तय थी।

**एक** छोटी-सी चूक, किसी एक व्यक्ति का गिरना और फिर भय की लहर, बस इतना ही काफी होता है एक भगदड़ को जन्म देने के लिए। यह विडंबना ही है कि देश में भगदड़ अब अपवाद नहीं, बल्कि एक परिचित परिघटना बनती जा रही है। चाहे वह धार्मिक स्थल हो, राजनीतिक रैली हो या खेल का जश्न, भीड़ का उफान अक्सर नियंत्रण की सीमाओं को तोड़ देता है। दरअसल, भीड़ प्रबंधन सिर्फ बैरिकेड्स और पुलिस बल का मामला नहीं है, यह एक गहन वैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययन का विषय है। कुछ देशों में भीड़ विज्ञान एक स्थापित अनुशासन है, जहां भीड़ के व्यवहार को गणितीय और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तरों पर समझा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि एक वर्ग मीटर में पांच से अधिक लोग हो जाएं, तो भीड़ अपनी स्वाभाविक गति खो देती है और खतरा बढ़ जाता है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि चेतावनी है एक सीमा की, जिसे पार करते ही व्यवस्था बिखरने लगती है। लेकिन भारत में हम अब भी अनुभव और परंपरागत तरीकों पर अधिक निर्भर हैं। पुलिस का प्रशिक्षण अक्सर परिस्थितिजन्य होता है, न कि वैज्ञानिक। लाउडस्पीकर से निर्देश देना, रास्ते बनाना या भीड़ को शांत करना, ये उपाय जरूरी तो हैं, लेकिन पर्याप्त नहीं। जरूरत है एक समग्र दृष्टिकोण की, जिसमें तकनीक, डेटा और मानवीय व्यवहार की समझ एक साथ काम करें।

**भीड़** का एक और पहलू है, उसकी भावनात्मक ऊर्जा। धार्मिक आयोजनों में यह ऊर्जा आस्था से संचालित होती है, जो लोगों को एक दिशा में खींचती है। लेकिन जब यह ऊर्जा अनियंत्रित हो जाती है, तो वही आस्था अराजकता में बदल जाती है। डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और तेज हो गई है, जहां एक सूचना हजारों लोगों को एक ही स्थान पर खींच सकती है। इसका समाधान स्पष्ट है, लेकिन उसे अपनाने की इच्छाशक्ति दुर्लभ है।

**दरअसल,** भीड़ प्रबंधन को एक औपचारिक अकादमिक विषय के रूप में विकसित करना होगा। आयोजनों की पूर्व योजना, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और प्रशिक्षित मानव संसाधन, ये अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता हैं। साथ ही, आम नागरिकों को भी जागरूक करना होगा कि भीड़ का हिस्सा बनते समय उनकी जिम्मेदारी क्या है। कुल मिलाकर हर भगदड़ के बाद जांच बैठती है, कुछ रिपोर्टें तैयार होती हैं और फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है, अगली दुर्घटना तक। सवाल यह है कि क्या हम इस चक्र को तोड़ने के लिए तैयार हैं? क्योंकि जब तक भीड़ को सिर्फ संख्या समझा जाएगा, तब तक उसके शोर में इंसानियत की आवाज दबती रहेगी।

■ जसवंत सिंह राजपूत

विशेष...



## विश्व स्वास्थ्य दिवस

# छोटे-छोटे कदमों से जीवन में लाएं बड़े बदलाव



हर वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया एक साझा संकल्प के साथ एकजुट होती है, बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लेकर। असल में विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि यह हमें अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी स्वास्थ्य की ओर गंभीरता से देखने के लिए प्रेरित करता है। वर्ष 2026 में इसका केंद्र बिंदु है 'सभी के लिए सुलभ, निवारक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल', जो आज की बदलती जीवनशैली में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है।

तेजी से भागती दुनिया, डिजिटल जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में स्वास्थ्य का अर्थ अब केवल बीमारियों से बचना नहीं रह गया है। यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन का समुच्चय (समूह) बन चुका है। यही कारण है कि विश्व स्वास्थ्य दिवस अब सिर्फ जागरूकता का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त कार्रवाई का आह्वान बन गया है।

## बदलती जीवनशैली और बढ़ती चुनौतियां

आज का आधुनिक जीवन सुविधाओं से भरपूर जरूर है, लेकिन इसके साथ कई अदृश्य खतरे भी जुड़े हैं। अनियमित दिनचर्या, जंक फूड की बढ़ती आदत, शारीरिक गतिविधियों में कमी और बढ़ता मानसिक तनाव, ये सभी मिलकर कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसी जीवनशैली जनित बीमारियां अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि युवाओं में भी तेजी से फैल रही हैं। ये बीमारियां अक्सर धीरे-धीरे विकसित होती हैं और तब तक पहचान में नहीं आतीं, जब तक वे गंभीर रूप न ले लें। इसीलिए, आज जरूरत है समय रहते जागरूक होने की और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की।



## सबके लिए समान अधिकार

विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का विषय 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए वैश्विक कार्रवाई' इस बात पर जोर देता है कि हर व्यक्ति को बिना आर्थिक बोझ के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। इसमें रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और देखभाल सभी शामिल हैं। एक सशक्त और न्यायसंगत स्वास्थ्य प्रणाली वही है, जहां हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या क्षेत्र से हो, समान रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सके। यह केवल सरकारों या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक का दायित्व है कि वह इस दिशा में जागरूकता फैलाए और सहयोग करे।

**स्वास्थ्य ही सच्ची समृद्धि** : स्वास्थ्य केवल एक व्यक्तिगत आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्र विकास का आधार है। एक स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमें स्वयं उठानी होगी। रोकथाम, संतुलन और जागरूकता, ये तीन मंत्र हमें एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, छोटे-छोटे कदम उठाएं और एक ऐसी दुनिया का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन जी सके।



## इलाज से पहले सुरक्षा

आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ध्यान केवल इलाज पर नहीं, बल्कि रोकथाम पर केंद्रित किया जा रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बीमारी होने से पहले ही उसे रोकने के उपाय करना। इसके अंतर्गत कुछ सरल लेकिन प्रभावी कदम शामिल हैं-

- नियमित स्वास्थ्य जांच कराना
- संतुलित और पौष्टिक आहार लेना
- रोजाना शारीरिक गतिविधि करना
- तनाव को नियंत्रित रखना
- पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद लेना

ये छोटे-छोटे कदम न केवल जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं, बल्कि भविष्य में होने वाले भारी चिकित्सा खर्चों को भी कम करते हैं। वास्तव में, रोकथाम ही सबसे सस्ता और प्रभावी उपचार है।

## स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की भूमिका

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता किसी भी समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है। अस्पताल, डॉक्टर और स्वास्थ्य कार्यकर्ता न केवल इलाज प्रदान करते हैं, बल्कि लोगों को जागरूक करने और सही दिशा दिखाने का भी काम करते हैं। सही समय पर सही चिकित्सा परामर्श मिलना व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाता है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ बनाने की भी है।

## हृदय स्वास्थ्य: अनदेखी की भारी कीमत

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में हृदय रोग सबसे गंभीर और घातक माने जाते हैं। विश्व स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में इनका स्थान शीर्ष पर है। जीवन, असंतुलित आहार, व्यायाम की कमी और धूम्रपान जैसी आदतें हृदय को धीरे-धीरे कमजोर करती हैं। इसके कुछ चेतावनी संकेत हैं-

- सीने में दर्द या दबाव
- सांस लेने में कठिनाई
- अत्यधिक थकान
- अनियमित धड़कन
- घबराहट होना
- अधिक पसीना आना
- अनियंत्रित रक्तसंचार

इन संकेतों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। समय पर जांच और सही उपचार से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसलिए, हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अनिवार्य

जहां शारीरिक स्वास्थ्य पर अक्सर जोर दिया जाता है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य को अब भी पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाता। लेकिन सच्चाई यह है कि स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना अधूरी है। डिजिटल युग में निरंतर स्क्रीन टाइम, काम का दबाव और सामाजिक अपेक्षाएं मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को जन्म दे रही हैं। ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ सरल उपाय बेहद कारगर हो सकते हैं-

- ध्यान और योग का अभ्यास
- नियमित रूप से डिजिटल ब्रेक लेना
- काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना
- अपने विचारों और भावनाओं को साझा करना

जब हम अपने मन को स्वस्थ रखते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे शरीर पर दिखाई देता है।

**छोटे बदलाव, बड़ा असर** : स्वास्थ्य को सुधारने के लिए जीवन में बड़े और कठिन बदलाव करने की आवश्यकता नहीं होती। छोटे-छोटे, नियमित प्रयास ही लंबे समय में बड़े परिणाम देते हैं। जैसे-

- रोजाना कम से कम 30 मिनट पैदल चलना
- पर्याप्त मात्रा में पानी पीना
- तले-भुने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूरी
- 7-8 घंटे की नींद लेना
- नियमित स्वास्थ्य जांच कराना

**इन आदतों को अपनाकर हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि एक ऊर्जावान और खुशहाल जीवन भी जी सकते हैं।**

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 11 मेडल पक्के

- मीनाक्षी और जैस्मिन सहित 5 महिला बॉक्सर सेमीफाइनल में
- 6 पुरुष मुक्केबाजों ने भी मेडल पक्के किए

**मंगोलिया (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच महिला और छह पुरुष मुक्केबाज़ों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।पुरुष वर्ग में लोकेश, आकाश और हर्ष चौधरी की जीत के साथ कुल छह भारतीय बॉक्सर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

मीनाक्षी और जैस्मिन की एकतरफा जीत

रविवार के मॉर्निंग सेशन में मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मिन (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

मीनाक्षी ने जापान की युका सादामात्सु को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। वहीं, जैस्मिन ने चीन की झियी चेन को 5-0 से मात देकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। इससे पहले शनिवार को निखत जरीन, प्रिया घंघास और प्रीति पवार भी अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

### लोकेश, आकाश और हर्ष आगे बढ़े

पुरुष वर्ग में भारतीय मुक्केबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी दावेदारी मजबूत की।85 किग्रा भार वर्ग में लोकेश ने कोरिया के गिचे किम को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के यल्हास बग्टयारोव को 5-0 से मात दी।इसके अलावा, हर्ष चौधरी ने किर्गिज़ गणराज्य के तिनिस्तान अलीबाएव को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।हालांकि, 80 किग्रा भार वर्ग में अंकुश को जॉर्डन के हुसैन इशाश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।वहीं, 50 किग्रा वर्ग में विश्वनाथ सुरेश और 60 किग्रा में सचिन ने भी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

# अंडर-20 एथलेटिक्स मीट में देहरादून के आहिल और दीपांशु चैंपियन

- प्रतियोगिता का हुआ समापन; नेशनल के लिए कर्नाटक जाएंगे होनहार एथलीट्स

**देहरादून (एजेंसी)।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स ट्रैक पर चल रही दो दिवसीय उत्तराखंड स्टेट जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन 18 इवेंट्स आयोजित किए गए।

समापन समारोह में स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई (मुख्य अतिथि) और ओलंपियन मनीष रावत (विशिष्ट अतिथि) ने विजेता एथलीट्स को मेडल और



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के सभी जिलों से कुल 134 होनहार एथलीट्स (92 बालक और 42 बालिकाओं) ने अपना दम-खम दिखाया।

### प्रतियोगिता की प्रमुख बातें

आयोजन सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि जो भी एथलीट एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मानकों को पूरा करेंगे, उन्हें 24 से 26 अप्रैल 2026 तक कर्नाटक के तुमकुर में होने वाली 24वीं नेशनल जूनियर अंडर-20 फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। मुख्य निर्णायक लोकेश कुमार के नेतृत्व में 14 सदस्यीय रेफरी पैनल ने दोनों दिनों के कुल 36 इवेंट्स को निर्विवाद और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया।

**आईपीएल 2026: सीएसके की डेथ गेंदबाजी पर बिफरे अंबाती रायुडू, कहा-**

# इस तरह की बॉलिंग के लिए धोनी ने कभी हां नहीं कहा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सीएसके की डेथ ओवर की बॉलिंग पर निशाना साधा है। सीएसके ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आखिरी पांच ओवर में 97 रन लुटाए थे। इसमें आखिरी ओवर में 30 रन शामिल हैं। टिम डेविड ने 25 गेंद में तीन चौके और आठ छक्के की मदद से 70 रन बनाकर पूरा पासा पलट दिया था। हालांकि, रायुडू ने कहा है कि जिस लेंथ पर चेन्नई के गेंदबाजों ने गेंदबाजी की, उस लेंथ पर गेंदबाजी करने से महेंद्र सिंह धोनी ने हमेशा मना किया था।





### चेन्नई की रणनीति की आलोचना की

आरसीबी ने रविवार को सीएसके को 43 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 250 रन बनाने के बाद, उसने सीएसके को 207 रन पर समेट दिया।

आरसीबी ने जेमी ओवरटन के आखिरी ओवर में 30 रन बटोरे थे। ओवरटन ने राउंड द विकेट गेंदबाजी की और डेविड ने इस एंगल का फायदा उठाते हुए लगातार चौके-छक्के लगाए।

### चेन्नई को करना होगा रणनीति में बदलाव

हाल के वर्षों में सीएसके से जुड़ी अन्य फ्रेंचाइजियां, जैसे जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स और टेक्सास सुपर किंग्स, राउंड द विकेट गेंदबाजी की रणनीति अपना रही हैं और इसके लिए स्पेशलिस्ट गेंदबाजों पर भरोसा करती हैं। सीजन के पहले तीन मैचों में चेन्नई की गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरी है। टीम का इकोनॉमी रेट 11.57 रहा है, जो बेहद महंगा है। दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी पहले कहा था कि टूर्नामेंट में आगे सीएसके के लिए सबसे बड़ी चुनौती उनकी गेंदबाजी ही होगी, क्योंकि बल्लेबाजों पर हर मैच में 225-230 रन बनाने का दबाव बन रहा है। आरसीबी से हार के बाद सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है और उसका नेट रन रेट -2.517 है। अब टीम की नजरें वापसी पर हैं, जब वह 11 अप्रैल को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगला मुकाबला खेलेगी।

### डेथ ओवर में गेंदबाजी चेन्नई के लिए सबसे बड़ी समस्या

डेथ ओवर्स चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक बड़ी समस्या बने रहे, क्योंकि आखिरी चार ओवरों में टीम ने 78 रन लुटा दिए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 250/3 का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही। हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स 200 रन के पार पहुंच गई, लेकिन वह आरसीबी के स्कोर से काफी पीछे रह गई।चेन्नई की डेथ बॉलिंग पर खासा असर पड़ा है, खासकर तब से जब नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए। उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किए गए स्पेंसर जॉनसन अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं। एलिस की गैरमौजूदगी में जेमी ओवरटन उस कमी को भरने में संघर्ष करते नजर आए हैं। राउंड द विकेट गेंदबाजी करना उनके लिए नया है। आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले उन्होंने अपने पूरे करियर में इस एंगल से दो ओवर से भी कम गेंदबाजी की थी।

# कहां खो गया विश्वकप हीरो सैमसन का फॉर्म?

**कोच फ्लेमिंग ने किया बचाव, ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी ली**





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में संजू सैमसन का खराब फॉर्म जारी है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए वह लगातार तीसरे मैच में भी सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 251 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन सिर्फ नौ रन ही बना सके।

यह वही बल्लेबाज हैं जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्वकप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन आईपीएल में उनकी लय पूरी तरह गायब नजर आ रही है।

### फ्लेमिंग ने किया बचाव

सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने सैमसन का बचाव करते हुए कहा, जब आप लंबे समय तक किसी एक फ्रेंचाइजी के साथ रहते हैं, तो नई टीम में ढलना आसान नहीं होता। भले ही वह खुद को सहज महसूस कर रहे हों, लेकिन टीम से जुड़ाव बनने में थोड़ा समय लगता है। वह अभी इस टीम के साथ तालमेल बैठाने की प्रक्रिया में हैं, और टीम में भी कई बदलाव हुए हैं, इसलिए यह पूरी तरह से सेटअप नहीं है।

### नो-बॉल ने बढ़ाई मुश्किल

18वें ओवर में अंशुल कंबोज ने डेविड को बोल्ड कर दिया था, लेकिन वह नो-बॉल निकली। इसके बाद डेविड ने मैच पूरी तरह बदल दिया। फ्लेमिंग ने इस पर कहा, दबाव में सही एग्जीक्यूशन जरूरी होता है। टिम डेविड जैसे बल्लेबाज के खिलाफ आपको बिल्कुल सटीक रहना पड़ता है। हम थोड़े पीछे रह गए और उन्होंने लय पकड़ ली। नो-बॉल भी अहम रही, वहां करीब 40 रन का फर्क पड़ा। छोटी-छोटी गलतियां बड़े नुकसान में बदल गईं।

### आरसीबी ने किया सीएसके का काम तमाम

मैच की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि, आरसीबी की पारी के 15 ओवर तक सीएसके ने मुकाबले में पकड़ बनाए रखी थी, लेकिन आखिरी पांच ओवरों में 97 रन लुटा दिए। टिम डेविड और कप्तान रजत पाटीदार ने मिलकर सीएसके के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 97 रन जोड़े।

# कोहली सीएसके के खिलाफ टॉप स्कोरर बने

- डेविड का 106 मीटर सिक्स मैदान के बाहर गया, भुवनेश्वर के 200 विकेट पूरे, बने यह रिकॉर्ड्स

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से हराया। रविवार के मैच में विराट कोहली सीएसके के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। आरसीबी ने 250/3 बनाकर अपना तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। टिम डेविड ने 106 मीटर सिक्स लगाया। गेंद स्टेडियम के बाहर गई।

**सबसे बड़े टोटल से 13 रन पीछे रही आरसीबी-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250/3 बनाकर आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। नंबर-1 पर 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 263/5 का स्कोर है।

**कोहली सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज-** विराट कोहली ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। उनके 1174 रन हो गए। वे किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। दूसरे नंबर पर मुंबई के



रोहित शर्मा हैं। उनके कोलकाता के खिलाफ 1161 रन हैं।

### आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा सिक्स लगाए

आरसीबी ने 19 सिक्स लगाए। यह सीएसके के खिलाफ किसी टीम द्वारा एक पारी में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 17 सिक्स का था। इसे कोलकाता (2018, चेन्नई) और राजस्थान (2020, शारजाह) ने बनाया था। यह आरसीबी की पारी में तीसरा सबसे ज्यादा सिक्स का आंकड़ा भी है।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड- 3 दिन में 6 डायरेक्टर्स का इस्तीफा

**प्रेसिडेंट बोले- सब चले जाएं, मैं आखिर तक हूं; लिटन 2028 तक कप्तान रहेंगे**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) में इस वक्त भारी उठापटक चल रही है। शनिवार को बोर्ड के 4 और डायरेक्टर्स ने एक साथ इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को भी 2 मेंबर्स ने अपना पद छोड़ा था।

बोर्ड प्रेसिडेंट अमिनुल इस्लाम ने जरूर कह दिया, सब भले चले जाएं, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक सप्ताह के अंदर बीसीबी की नई सरकार भंग हो सकती है।बोर्ड ने लिटन दास को 2028 और मेहदी हसन को 2027 तक टी-20 कप्तान भी बनाए रखा है।

3 दिन में 6 बड़े चेहरों ने साथ छोड़ा

शनिवार को हुई मीटिंग के बाद सानियान तनीम, मेहराब आलम, फैयाजुर रहमान और मंजूरुल आलम ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे 2 दिन पहले ही यासिर मोहम्मद और फैसल आशिक ने भी पद छोड़ दिया था। अब तक 6 डायरेक्टर्स बीसीबी का साथ छोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि कुछ और लोग भी पद छोड़ने की तैयारी में हैं।

**प्रेसिडेंट बोले- बाहरी लोग काम नहीं करने दे रहे-** अमिनुल इस्लाम बुलबुल मीडिया के सामने तो नहीं आए, लेकिन एक टीवी चैनल से बातचीत में अपना दर्द बयां कर दिया। उन्होंने कहा, मैं आखिरी दिन तक अपनी कुर्सी संभालूंगा। हमारी टीम अच्छी और ईमानदार है, मैं उनके साथ मिलकर देश के क्रिकेट की सेवा करना चाहता हूं।

उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि कुछ



बाहरी ताकतें उन्हें खुलकर काम नहीं करने दे रही हैं। बुलबुल के मुताबिक, हमें एक दिन भी आजादी से काम नहीं करने दिया गया। बाहर से लगातार दखलअंदाजी हो रही है, जिसकी वजह से हमारे क्रिकेट की रफ्तार थम गई है।

**बीसीबी में काफी दिनों से विवाद की स्थिति-** बोर्ड के पिछले चुनाव को लेकर काफी विवाद चल रहा है। अब नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल इसकी जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी जांच और मीडिया के सवालों से बचने के लिए अध्यक्ष मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं आए।

### लिटन दास ही वनडे कप्तानी करेंगे

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मेंहदी हसन मिराज को 2027 वनडे वर्ल्ड कप और लिटन दास को 2028 टी-20 वर्ल्ड कप तक के लिए कप्तान बनाए रखा है। बोर्ड का मानना है कि लंबी जिम्मेदारी से दोनों कप्तान अपनी टीम को बेहतर ढंग से तैयार कर पाएंगे। बोर्ड ने पूर्व दिग्गज मोहम्मद रफीक को एक साल के लिए स्पिन गेंदबाजी सलाहकार बनाया है।

### वर्ल्ड कप खेलने नहीं आया था बांग्लादेश

इसी साल जनवरी में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपनी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं भेजा था। बोर्ड ने भारत ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दे दी।

# ईरान पर ट्रंप की धमकी से सहमा सर्राफा बाजार; चांदी 2000 रुपये टूटी, सोने की चमक पड़ी फीकी



**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच जंग का सीधा असर अब सराफा बाजार पर दिखने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान को हॉर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोलने के लिए दिए गए सख्त अल्टीमेटम की समय सीमा से पहले ही ईरान पर हमले तेज कर दिए गए हैं। इस दौरान निवेशक भी सतर्कता बरतते दिखे रहे हैं। इसके असर से दिल्ली में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

चांदीः ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, चांदी की कीमत में 2,000 रुपये या लगभग 1 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह सोमवार के 2,42,000 रुपये के मुकाबले गिरकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर आ गई है। सोनाः इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत फिसलकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

वैश्विक बाजारः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशी व्यापार में सतर्कता के कारण हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,659.16 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 72.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है।

कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण वैश्विक तनाव

सरार्फा बाजार में इस हलचल का मुख्य कारण वैश्विक कूटनीतिक तनाव है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि, "सोने की कीमतों पर दबाव तब आया जब ट्रम्प ने ईरान को एक नया अल्टीमेटम जारी किया"।

ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार की तय समय सीमा तक हॉर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो ईरान के बिजली संयंत्रों और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचे पर नए सैन्य हमले किए जाएंगे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रचा रिकॉर्ड, 125 किमी नई लाइन सहित कई प्रोजेक्ट पूरे

**एजेंसी समाचार**

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेल अधोसंरचना के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। लगातार चल रहे विकास कार्यों के चलते न केवल रेल नेटवर्क मजबूत हुआ है, बल्कि यात्री सुविधाओं और परिचालन क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई है।

रेलवे के अनुसार, बीते 10 वर्षों में 1475 किलोमीटर लंबी 15 प्रमुख रेल परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गई हैं। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में 125 किलोमीटर नई रेल लाइन का लोकार्पण और कमीशनिंग किया गया है, जिसमें कई अहम रेल खंड शामिल हैं।

इनमें बिलासपुर - झारसुगुड़ा चौथी



लाइन के तहत कोतरलिया जामगा, भूपदेवपुर किरोड़ीमल नगर, किरोड़ीमल नगर रायगढ़, रायगढ़ कोतरलिया, सारागांव बाराद्वार और बाराद्वार सक्ती जैसे खंडों का विकास किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांवझ्नागपुर तीसरी लाइन और गेवरा रोडझ्पेंड्रा रोड नई लाइन के कुछ हिस्सों में भी कार्य पूर्ण हुआ है। केंद्री धमतरी और अभनपुर राजिम सेक्शन में आमान परिवर्तन का कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिली है। इन परियोजनाओं के दौरान कई प्रमुख स्टेशनों पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य भी किए गए।

# डीएम को घेर-घेरकर मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने पकड़ा

## मुझाकलां के किसान ने डीएम के सीयूजी नंबर पर बात कर आडियो किया था वायरल, संबंद्ध आशुलिपिक डीएम की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया किसान पर मुकदमा


डीएम को धमकी देने वाले आरोपी का पुलिस ने मेडिकल कराया


मेडिकल परीक्षण के दौरान पूरनपुर व माधोटांडा पुलिस फोर्स रही मुस्तैद

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर काल कर धमकी भरे शब्द बोलने वाले किसान को पुलिस ने हिरासत में लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंद्ध आशुलिपिक ने कोतवाली में तहरीर दी। इसपर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं आरोपी के सहयोगी को भी पकड़ लिया। पुलिस ने दोंनों को मेडिकल कराने के बाद न्यायालय में पेश किया है। पूरनपुर कोतवाली में नरेश वर्मा सम्बद्ध आशुलिपिक जिलाधिकारी पीलीभीत ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा कि सोमवार को करीब साढ़े पांच बजे डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित गांधी सभागार में टास्क फोर्स की बैठक चल रही थी। इसी दौरान डीएम के सीयूजी नंबर पर एक कॉल आई। उसने अपना नाम बलजिंदर सिंह बताया। बात करते करते अचानक धमकी देने लगा। कहा के डीएम को बता देना कि घेर-घेर कर मारेंगे। उसके बाद अगर पूरनपुर मंडी में आ गए तो भी उन्हें मारेंगे जो एफआईआर चाहे दर्ज करा दें। मामले की जानकारी डीएम को दी गई। आरोप है कि बलजिंदर सिंह ने डीएम की प्रतिष्ठा को धूमिल करने व जनसामान्य को प्रशासन के खिलाफ भडकाने, उकसाने के उद्देश्य से आडियो वायरल कर दिया। मंडी के अधिकारियों से जानकारी करने पर डीएम को धमकी देने वाले का सही नाम और पता लगा। मंगलवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव मुझाकलां के बलजिंदर सिंह पर केस दर्ज कर उनको व सोशल साइट पर आडियो प्रसारित करने में सहयोग करने के आरोप में आकाशदीप निवासी गजरौला जप्ती को हिरासत में लिया। पुलिस ने दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके बाद न्यायालय में पेश किया।

### माफी मांगी फिर भी हो गई कार्रवाई



मंगलवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया और तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने बलजिंदर सिंह से मिलकर वार्ता की। इस दौरान अधिकारियों ने उनको काफी समझाया। बलजिंदर सिंह ने भी अपनी गलती मानते हुए अधिकारियों के सामने माफी मांगते हुए वीडियो बनवाया। बावजूद इसके वह पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई से नहीं बच सके।

डीएम के सीयूजी नंबर पर संबद्ध आशुलिपिक से बात करने के दौरान धमकी देने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया। संबंद्ध आशुलिपिक की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।
**पवन कुमार /इंपेक्टर कोतवाली**

### तैनात रही दो थानों की पुलिस फोर्स

पूरनपुर मंडी आने पर जिलाधिकारी को मारने की धमकी देने वाले बलजिंदर सिंह और उसके साथी को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेडिकल परीक्षण के लिए लाया गया। वह कोई हरकत न करें इसके लिए थाना माधोटांडा और कोतवाली पूरनपुर की पुलिस फोर्स तैनात रही। कई पुलिस कर्मी आरोपी के साथ तो कई सीएचसी गेट के आस-पास मुस्तैद रहे।

### आडियो वायरल होने के बाद पुलिस-प्रशासन में मची खलबली

डीएम को घेर-घेरकर मारने से संबंधित आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस-प्रशासन में खलबली मच गई। धमकी देने वाले किसान को हिरासत में लेने के लिए पुलिस जुट गई। मंगलवार की दोपहर में कोतवाल अपनी टीम के साथ मंडी पहुंचे। इसके बाद बलजिंदर सिंह को कस्टडी में लेकर कोतवाली ले आए। ताकि किसी प्रकार की अशांति न हो।

# भाकियू टिकैत के पदाधिकारी ने डीएम को दिया ज्ञापन

## गेहूं तौल की देरी से नाराज दिखे किसान नेता



भाकियू प्रतिनिधि मंडल गेहूं खरीद को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन देते हुए

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मिला जिसमें जनपद में सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध कराने एवं भुगतान डस्टर मशीन को लेकर विस्तृत वार्ता हुई। जिसमें जिला अधिकारी पीलीभीत द्वारा आश्वासन दिया गया के तत्काल जनपद के किसानों का गेहूं खरीद प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि यदि कहीं किसानों के साथ अनदेखी की जाती है तो तत्काल सूचना दी जाए जिससे दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। प्रतिनिधि मंडल में वेद प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह, सरदार घुम्मन सिंह, बंटी ठाकुर, विनय ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं से सीधा संवाद


स्कूल कॉलेज की बालिकाओं व महिलाओं से रूबरू होते डीएम व एसपी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस लाइन के सभागार में महिलाओं एवं छात्राओं से सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने उपस्थित महिलाओं एवं स्कूल-कॉलेज की छात्राओं से खुलकर संवाद किया तथा उनके द्वारा पूछे गए सवालों के विस्तार से जवाब दिए।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर विशेष जोर देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने की अपील की। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न हस्तकला एवं अन्य सामग्रियों का प्रदर्शन भी किया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह व उनकी पत्नी अंतिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव व उनकी पत्नी किरण जोशी, आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सरदार नताशा गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, प्रशिक्षु आईएएस आकृति पटेल सहित जनपद के विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में हर स्तर पर सहयोग किया जाए। यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

# डीएम और एसपी ने पूरनपुर मंडी के क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

## केंद्र प्रभारियों से गेहूं खरीद की ली जानकारी, दस्तावेज भी देखे


मंडी समिति में केंद्र पर केंद्र प्रभारी से जानकारी लेते जिलाधिकारी


पूरनपुर मंडी में गेहूं खरीद का डीएम व एपसी ने निरीक्षण किया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ पूरनपुर मंडी में स्थापित गेहूं क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी के सभी क्रय केंद्र प्रभारियों से जानकारी जुटाई और निर्देश दिए। अफसरों के निरीक्षण से जिम्मेदारों में खलबली मची रही। निरीक्षण के दौरान डीएम से केन्द्र प्रभारियों और वहां किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं पूछी। गेहूं की तौल की जानकारी की और दैनिक लक्ष्य के अनुरूप तौल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाए। क्रय केन्द्रों पर बारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि मौजूद हों। गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रतिदिन मानक के अनुरूप गेहूं की खरीददारी सुनिश्चित हो। किसानों का भुगतान उनके खाते में सीधे भेजा जाए। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों को बैठने सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अजीत प्रताप सिंह उप जिलाधिकारी पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे।

# बिलसंडा में अतिक्रमण से कब आजाद होगा कमल पार्क

## अतिक्रमण के कारण तिराहे पर हर रोज लगता है घण्टों जाम


बिलसंडा के कमल पार्क तिराहे पर इसी तरह हर रोज लगाती हैं फलों की दुकानें

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** नगर का एक मात्र कमल पार्क आखिर अतिक्रमणकारियों के चंगुल से पूरी तरह कब आजाद होगा,हर नगरवासी की जुवां पर आज-कल यही सवाल है ?क्योंकि यहाँ प्रतिदिन भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है,लेकिन फिर भी नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि बोर्ड की पहली ही बैठक में कई सभासदों ने इस समस्या को जोर-शोर से उठाया था। 3 वर्ष पहले हुए चुनाव के बाद नगर पंचायत के बदले निजाम से लोगों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन लोगों की उम्मीदों पर अभी तक खरा नहीं उतर सका। बता दे कि नगर के प्रमुख तिराहे पर स्थित कमल पार्क के चारो तरफ पिछले कई वर्षों से फास्ट-फूड एवं फल विक्रेताओं द्वारा अस्थाई अतिक्रमण करने से यहाँ प्रतिदिन घण्टों जाम जैसी स्थिति पैदा हो रही है।जिसके चलते वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग जातीं हैं।राहगीरों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है।वहीं अवैध रूप से यहाँ आड़े तिरछे टेम्पो एवं मैजिक खड़े होने से भी दिन भर यातायात बाधित रहता है, जिस कारण लोगों को भीड़ के चलते परेशानी होती है।लोगों की मानें तो वोट-बैंक की राजनीति के चलते इस पर कोई ध्यान नही दिया गया।जिससे अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हो गए,और अतिक्रमण भी बढ़ता गया। बताते हैं कि लोगों की शिकायत पर प्रशासन हरकत में आया,और एसडीएम के आदेश पर नगर पंचायत कर्मियों ने पुलिस बल के साथ कमल पार्क से कुछ समय पूर्व अतिक्रमणकारियों को खदेड़ कर जगह खाली करा ली।लेकिन 12 घण्टे भी नही गुजरे और प्रशासन के जाते ही कब्जेदारों ने उस जगह को फिर से घेर लिया,जैसे यह उनकी कोई पुस्तैनी जगह हो।बताते हैं पुनः कब्जे की शिकायत लोगों ने चेयरमैन डीके गुप्ता से की। जिस पर उन्होंने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# नाला व्यवस्था पर फूटा आक्रोश, ब्रह्मचारी घाट के अधूरे कार्य पर उठे सवाल


बदहाल नाला व्यवस्था को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल भारत हिन्दू महासभा के लोग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** नगर की बदहाल नाला व्यवस्था और ब्रह्मचारी घाट के अधूरे सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कहा कि अधिकांश नाले अभी से ओवरफ्लो हो रहे हैं और कचरे से भरे पड़े हैं। सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। संगठन ने चेतावनी दी कि बरसात में स्थिति और खराब हो सकती है। खुले नालों को जानलेवा खतरा बताते हुए संगठन ने कहा कि कई जगह गहरे नाले बिना ढके हैं। बरेली में हुई मौत की घटना का हवाला देते हुए जिम्मेदारी प्रशासन पर डाली गई। ब्रह्मचारी घाट का कार्य पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान रुकवाया गया था, लेकिन अब तक दोबारा शुरू नहीं किया गया। पं. पंकज शर्मा ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# दूध की कमी के बावजूद कैसे उपलब्ध हो रहा कुंतलों पनीर

## डॉक्टर की राय:जानलेवा हो सकता है सपरेटा पनीर, शादी की सहालग में बढ़ जाती है पनीर की खासी डिमांड

### फार्मलीन डालकर भी बनता नकली पनीर



अक्सर दूध से क्रीम निकाल लिया जाता है। और फिर उस दूध में आरारोट मिला दिया जाता है।दूध में आरारोट की मात्रा इतनी होती है कि वह गाढ़ा हो जाता है, जिसमें फार्मलीन डाल दिया जाता है।फाड़ने के लिए छेने का पानी डालकर पनीर बन गया।जो सेहत के लिए हानिकारक है।
**डा. पंकज गुप्ता बिलसंडा**

### यूरिया डिटर्जेंट से बनता सिंथेटिक पनीर



नकली और मिलावटी पनीर अक्सर यूरिया,डिटर्जेंट, कोल्तार डाई, सल्फारिक अम्ल इत्यादि से बनाया जाता है।इसमे थोड़ा से दूध में सोडियम बाई-कार्बोनेट को सस्ते वनस्पति तेल मे बेकिंग पाउडर के साथ डालकर पनीर बनाया जाता है।इसके सेवन करने से शरीर मे विभिन्न रोगों की उतपत्ति होगी,जो जानलेवा भी हो सकते हैं।
**डा.सुभाष जायसवाल बिलसंडा**

### रबड़ की तरह खिंचता है नकली पनीर



खाद्य पदार्थों में मिलावट कर बेचना आम बात हो गई है।आज के समय में मिर्च मसालों से लेकर दूध,दही,चाय, काफी तक में मिलावट की जा रही है।बाजार में आज जो पनीर मिल रहा है,वह बिल्कुल ही बेकार है। जबकि इसकी कीमत पूरी वसूली जा रही है। नकली पनीर की पहचान है कि वह रबड़ की तरह खिंचेगा।
**- डॉ हिमांशु सक्सेना**

**>>> डॉक्टर बोले: सफरेटा पनीर से करें परहेज ,वरना बीमार होने को रहें तैयार**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा, पीलीभीत ।** शादी सहालग की सीजन शुरू होते ही जान लेवा सपरेटा पनीर की खपत भी धड़ल्ले से शुरू हो गयी।डॉक्टरों की मानें तो यह हानिकारक केमिकल से बना होता है।जो जानलेवा भी हो सकता।लेकिन होटल और रेस्टोरेंट मालिकों को इसकी जरा भी परवाह नही है।इसमें सिर्फ प्रोटीन ही नहीं बल्कि कैल्शियम,फॉस्फोरस,सेलेनियम,फ।इवर और एंटी ऑक्सीडेंट के गुण भी पाए जाते हैं।लेकिन यह तभी है जब हम असली पनीर का इस्तेमाल कर रहे हैं।यदि मार्किट में बिक रहा सिंथेटिक पनीर खरीद लिया तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं। शादी व्याह में बढ़ती मांग से नकली पनीर की खपत खूब हो रही है।क्योंकि गर्मियों में दूध की किल्लत के चलते भारी मात्रा में पनीर मिलना असंभव है। नगर में इस मिलावटी पनीर के भाव 320 से 340 रुपये प्रति किलो बसूले जा रहे हैं,और दुकानदार सीधे मुंह बात भी नही करते हैं।कारण है कि यहाँ फूड इंस्पेक्टर भी वर्षों नही आते,त्योहारों पर वह अपनी जेब गर्म करके महज खानापूरी कर जाते हैं।

# धोखाधड़ी से कमाई 2.53 करोड़ की संपत्ति जब्त, गेस्ट हाउस और कार सीज



जब्त की गयी संपत्ति पर लटकता सरकारी ताला

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जनपद में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहजहाँपुर पुलिस और लखनऊ कमिश्नरेट की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने धोखाधड़ी से अर्जित करीब 2 करोड़ 53 लाख 85 हजार रुपये की संपत्ति को सीजध्फ्रीज कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सक्रिय अपराधियों, वांछित अभियुक्तों और आर्थिक अपराध करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम ने लखनऊ कमिश्नरेट के साथ मिलकर यह संयुक्त कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि आरोपी राजेश कुमार, निवासी ग्राम तुलसीपुर कुड़वा, थाना मोहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ, ने संगठित तरीके से गिरोह बनाकर वृद्धावस्था पेंशन योजना में बड़ा फजीर्वाड़ा किया। आरोपी ने कूटरचना और जालसाजी के जरिए करीब 2 करोड़ 52 लाख 39 हजार रुपये का सरकारी धन हड़प लिया और उससे अपने नाम पर अवैध संपत्ति तैयार कर ली। प्रशासन द्वारा आरोपी की संपत्तियों की जांच के बाद जिलाधिकारी शाहजहाँपुर के आदेश पर कार्रवाई की गई। इसके तहत लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में स्थित ह्लश्री मंगलम गेस्ट हाउसह्व (पूर्व नाम पावर गेस्ट हाउस) को सीज कर दिया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 39 लाख 85 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से एक होंडा एलिवेट कार भी जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 14 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि संपत्ति को फ्रीज किए जाने के बाद अब आरोपी न तो इसे बेच पाएगा और न ही किसी अन्य तरीके से इसका उपयोग कर सकेगा। इससे सरकारी धन की वसूली और आगे की कानूनी कार्रवाई में मदद मिलेगी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर एक्ट समेत धोखाधड़ी, गबन, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई को आर्थिक अपराधों पर बड़ी चोट के रूप में देखा जा रहा है। पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस के कई अधिकारी, उपनिरीक्षक, महिला पुलिसकर्मी तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगे भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम ने पीपरोला अहमदपुर में मुक्तिधाम का किया लोकार्पण, फैक्ट्री का किया निरीक्षण



मुक्तिधाम का फीता काटकर लोकार्पण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ग्राम पीपरोला अहमदपुर में नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर लोकार्पण किया। यह मुक्तिधाम कृभको फर्टिलाइजर्स द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत बनवाया गया है। इस दौरान उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया और पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुक्तिधाम में एक सूचना बोर्ड लगाया जाए और श्रीमद भगवत गीता के प्रेरणादायक श्लोक लिखवाए जाएं, ताकि वहां आने वाले लोगों को आध्यात्मिक संदेश मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने कृभको फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री का दौरा किया। उन्होंने फैक्ट्री परिसर की पुष्प वाटिका में पौधे लगाए और अमोनिया प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली को समझा। अधिकारियों ने उन्हें फैक्ट्री की स्थापना, उत्पादन प्रक्रिया और अमोनिया प्रोसेसिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# स्कूल चलो अभियान, पुस्तक वितरण एवं शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली, रिठौरा।** कंपोजिट विद्यालय केसरपुर में स्कूल चलो अभियान, पुस्तक वितरण एवं शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का मंगलवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनीता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की। खंड शिक्षा अधिकारी श्री कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान आंगनबाड़ी के नवीन कक्ष का शुभारंभ किया गया, प्रांगण में पौधारोपण कर छात्र -छात्राओं को पुस्तक वितरित की गईं। ह्यस्कूल चलो अभियानह्न रैली को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सीडीपीओ विमला देवी ने तीन वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्र में करवाने तथा विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व को पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी व बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर केपी सिंह ने किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेमपाल एआरपी सौरभ शुक्ला, नम्रता वर्मा, पवन मिश्रा, विनीत शुक्ला, राम मोहन तिवारी, नरेंद्र प्रताप गंगवार, शिक्षक जितेंद्र गंगवार, रविंदर यादव, राजेंद्र गंगवार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# 19 अप्रैल को मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, शिवालयों में चलेंगे विशेष आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** शासन के निदेर्शानुसार 19 अप्रैल को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में शिवालयों पर स्वच्छता अभियान चलाकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि विकास खंड व ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। शिवालयों में मंत्रोच्चार, ओंकार जप, महाआरती, रुद्राभिषेक, दीपोत्सव, भजन संध्या व प्रवचन जैसे कार्यक्रम जनभागीदारी से संपन्न कराए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों व संत-महात्माओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# स्कूल चलो अभियान को लेकर पूरनपुर में बैठक, शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर



स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए पब्लिक इंटर कॉलेज हुई बैठक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** स्कूल चलो अभियान के तहत पब्लिक इंटर कॉलेज में बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने की। बैठक में कक्षा आठ पास छात्रों का कक्षा नौ में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कक्षा एक व छह में भी सभी बच्चों का नामांकन कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता रैलियां निकालने पर बल दिया गया। इसके अलावा सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को कर्मयोगी पोर्टल पर दो दिनों के भीतर ऑनलाइन प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# टुगेदर फॉर हेल्थ स्टैंड विद साइंस थीम पर गोष्ठी आयोजित




विश्व स्वास्थ दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद अतिथिगण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वैज्ञानिक सोच अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा रहे, जबकि संचालन डॉ. संजीव कन्नौजिया ने किया। इस वर्ष का संदेश ह्लटुगेदर फॉर हेल्थ स्टैंड विद साइंसह्व रखते हुए लोगों से एकजुट होकर स्वास्थ्य के लिए कार्य करने की अपील की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने बताया कि व्यक्ति का स्वास्थ्य जन्म के समय से ही तय होना शुरू हो जाता है। बर्थ वेट, नवजात का रोना और समय पर लगाए गए टीके उसकी सेहत की मजबूत नींव रखते हैं। इसके बाद वातावरणकृहवा, पानी, भोजन और जीवनशैलीकृस्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और नियमित जांच पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियां स्वास्थ्य सेवाओं के सामने बड़ी चुनौती बन गई हैं। इस के आलावा पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य को भी मानव स्वास्थ्य से जुड़ा बताते हुए इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. पवन अग्रवाल (प्रदेश अध्यक्ष आईएमए), डॉ. रूपेश सेठ, डॉ. गौरव मिश्रा, दीपा सक्सेना, उद्योगपति अशोक अग्रवाल, रामचंद्र सिंघल, हरगोविंद मोदी, सुरेश सिंघल और हरिकिशोर गुप्ता (गुड्डू बाबू) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाइक सवार लुटेरों ने तमंचा तानकर नगदी व मोबाइल लूटा

**सबलपुर खास के ग्रामीण के साथ हुई घटना, मची खलबली**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** ट्रैक्टर-ट्राली लेकर नगर से गांव जा रहे ग्रामीण को दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रोक लिया। आरोप है कि तमंचे के बल पर ग्रामीण से दस हजार रुपये की नगदी और मोबाइल लूट लिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीण के साथ हुई लूट की घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। गांव सबलपुर खास के रहने वाले अमित वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका नगर में नया मकान है। खाने के लिए अपने ट्रैक्टर-ट्राली से गेहूं लेकर आए थे। वापस लौटते समय राकेश नाम के व्यक्ति के ट्यूबेल के पास अचानक दो बाइक पर चार लोग पहुंच गए। उन्होंने तमंचा दिखाकर रोक लिया और अमित के पास से दस हजार रुपये की नगदी व मोबाइल लूट लिया। डर से सहमा ग्रामीण उनका विरोध नहीं कर सका। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद चारों बदमाश तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। ग्रामीण ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# धूमधाम से मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली, रिठौरा।** राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, को विश्व स्वास्थ्य दिवस को बड़े. उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग छात्राओं के बीच एक जीवंत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक इं0 रोहन बंसल ने छात्राओं को संबोधित करते हुऐ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्ध रहने और समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह आयोजन शैक्षिक और प्रेरणादायक बन गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भाषण प्रतियोगिता रही। जहां नर्सिंग छात्रों ने आत्मविश्वास से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में बी.एससी. नर्सिंग छात्रा सृष्टि यादव ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रुकसार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। ऑपरेशन थिएटर कार्यक्रम के छात्रों राहुल और पवन ने अपने सराहनीय प्रदर्शन के लिए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# असम के राज्यपाल ने अशोक अग्रवाल को किया सम्मानित, औद्योगिक विस्तार पर बनी सहमति




उद्योगपति अशोक अग्रवाल को सम्मानित करते असम राज्यपाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से लोकभवन में मिला। इस दौरान दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक विकास, निवेश और सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं उनकी पत्नी निर्मला अग्रवाल का सम्मान राज्यपाल की धर्मपत्नी कुमुद देवी ने किया। यह सम्मान उनके औद्योगिक क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया। आईआईए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने किया। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे उद्योगपतियों ने असम में उद्योगों के विकास को लेकर अपने सुझाव रखे। उद्यमियों ने असम में आयुष उत्पाद और फूड प्रोसेसिंग उद्योग में उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के संसाधनों और अनुभव का लाभ उठाकर नए उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए आईआईए के ह्यनॉलेज बैंकह्न के माध्यम से तकनीकी और रणनीतिक जानकारी साझा करने पर सहमति बनी। रोजगार बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में आपसी तालमेल पर भी जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने असम में बांस की प्रचुरता को देखते हुए प्लाईवुड और वस्त्र उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। बैठक में असम के उद्योग आयुक्त नरेंद्र कुमार और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मीनाक्षी सुंदरम भी उपस्थित रहे। आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि राज्यपाल का उद्योगों के प्रति सकारात्मक रुख दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देगा और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा।

# शिक्षा चैपाल में मेधावी छात्र-छात्राएं व शिक्षक सम्मानित




मेधावी छात्र को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** बेसिक शिक्षा को मजबूत बनाने और बच्चों को बेहतर सीखने का माहौल देने के उद्देश्य से विकास खंड भावलखेड़ा की न्याय पंचायत चैढ़ेरा में शिक्षा चैपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय चैढ़ेरा में आयोजित हुआ, जिसमें निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। चैपाल में कक्षा 5 और कक्षा 8 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक अभिभावक, शिक्षक और समाज मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक बच्चों को पूरी तरह निपुण बनाना संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की समझ विकसित करने और अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गीता देवी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुशीला देवी, एआरपी नितेंद्र शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षा संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, शिक्षक संकुल डॉ. विमलेश त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




# असम चुनाव: सीएम हिमंत सरमा की पत्नी के पास तीन पासपोर्ट की बात फर्जी, विदेश राज्यमंत्री बोले- सभी आरोप गलत

**एजेंसी समाचार**

**गुवाहाटी।** विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा ने कांग्रेस की ओर



से असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर लगाए गए तीन देशों के पासपोर्ट के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने इसे फोटोशॉप और एआई की मदद से तैयार की गई एक फर्जी साजिश बताया है। मुख्यमंत्री के परिवार ने इस मामले में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया है।

असम विधानसभा चुनावों के बीच राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर तीन देशों के पासपोर्ट रखने का गंभीर आरोप लगाया। अब इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से प्रतिक्रिया आई है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने इन दावों को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत करार दिया है।

पिछले दिनों कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया था कि रिंकी भुइयां सरमा के पास संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), एंटीगुआ-बारबुडा और मिस्र के पासपोर्ट हैं। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने अपने चुनावी हलफनामे में इन विदेशी पासपोर्टों और विदेश में संपत्ति की जानकारी छुपाई है।

इन आरोपों को खारिज करते हुए विदेश राज्य मंत्री मार्गेरिटा ने कहा कि कांग्रेस की ओर से साझा किए गए दस्तावेज फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राज्य पार्टी प्रमुख गौरव गोगोई के साथ मिलकर मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ कुछ दस्तावेज, पासपोर्ट आदि दिखाए थे और कहा था कि ये पासपोर्ट तीन बाहरी देशों के हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे राजनयिक माध्यमों और जांच के जरिए हमें पता चला है कि ये दस्तावेज नकली और मनगढ़ंत हैं।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी कहा कि जिस यूएई पासपोर्ट की कॉपी दिखाई जा रही है, उसका मूल स्रोत एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई और फोटोशॉप के जरिए उनकी पत्नी का नाम और फोटो उन फर्जी दस्तावेजों पर चिपकाया गया है। भाजपा नेताओं ने इन दस्तावेजों में कई तकनीकी खामियां भी गिनाई हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि नाम की स्पेलिंग में गलती है। कई जगहों पर सरमा की जगह शरमा, अमान्य क्यूआर कोड और गलत पासपोर्ट नंबर आदि दर्ज किए गए हैं।

इस बीच रिंकी भुइयां सरमा ने पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है। भारतीय कानून के अनुसार, भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है। इतना ही नहीं, असम पुलिस दिल्ली में खेड़ा के आवास पर पहुंची थी, लेकिन पवन खेड़ा नहीं मिले। इसके बाद असम के सीएम सरमा ने तंज कसते हुए कहा कि हम पाताल से भी ढूढ़ कर ले आएंगे।

# केरल चुनाव: खरगे के 'अनपढ़' वाले बयान पर थरूर की प्रतिक्रिया

## बोले-राजनीति में गिर रहा है बातचीत का स्तर

**एजेंसी समाचार**

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केरल चुनाव से ठीक पहले भाजपा को 'जीरो



सीट' वाली पार्टी बताया है। उन्होंने जनता से अपना वोट बर्बाद न करने की अपील की है। थरूर ने दावा किया है कि भाजपा का केरल में कोई आधार नहीं है और असली लड़ाई यूडीएफ और एलडीएफ के बीच है।

केरल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान में अब बस 48 घंटे का समय बचा है। चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस के दिग्गज नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा और सत्ताधारी एलडीएफ पर निशाना साधा है।

इस दौरान थरूर ने मल्लिकार्जुन खरगे के 'गुजरात के अनपढ़ लोग' वाले बयान पर प्रतिक्रिया भी दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि राजनीति में बातचीत का स्तर लगातार गिर रहा है। हमें अपनी भाषा का स्तर उन लोगों जैसा नहीं करना चाहिए जो अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं, थरूर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि उनके सत्ता में आने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपना कीमती वोट बर्बाद न करें।

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अपील केरल में काम नहीं आएगी। हकीकत यह है कि फिलहाल विधानसभा में भाजपा का एक भी विधायक नहीं है। अगर वे एक-दो सीटें जीत भी जाते हैं, तो वह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। वे सरकार बनाने की रेस में कहीं नहीं हैं। थरूर ने मतदाताओं को आगाह किया कि भाजपा जैसी बिना जड़ वाली पार्टी को वोट देकर वे केवल एलडीएफ को फायदा पहुंचाएंगे।

# बिहार में सरकारी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को लगा जोर का झटका, अब ऐसा करने पर चली जाएगी नौकरी

**एजेंसी समाचार**

**पटना।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा और सख्त आदेश जारी किया है, जिसके बाद सभी विभागों में हड़कंप मच गया है। यह आदेश 6 अप्रैल से लागू कर दिया है। इस नए आदेश के तहत



विभिन्न विभागों के अधीनस्थ विभिन्न पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा बार-बार प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति माँगी जाती रही है। सरकार का मानना है कि उनके द्वारा परीक्षा की तैयारी करने तथा परीक्षा में भाग लेने के बार-बार प्रयासों में विभाग का महत्वपूर्ण समय न केवल नष्ट होता है बल्कि कार्य के पूरा होने में भी गंभीर अवरोध उत्पन्न होता है। एक बार सरकारी सेवा में योगदान करने के पश्चात सरकार से प्राप्त वेतन एवं अन्य सुविधाओं के उपयोग के विरूद्ध विभाग के अधीनस्थ संवर्गों के पदाधिकारियों या कर्मियों को बार-बार परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान करना लोकहित के विरूद्ध है। इसलिए बिहार सरकार का कहना है कि नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीनस्थ संवर्गों के पदाधिकारियों या कर्मियों को उनके द्वारा धारित पद के वेतन स्तर से उच्चतर वेतन स्तर के पद के लिए ही किसी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी और यह अनुमति उनकी पूरी सेवा अवधि में सिर्फ एक बार दी जाएगी। जारी किये गये आदेश के अनुसार यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यदि कोई पदाधिकारी या कर्मी एक से अधिक बार परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं तो वह सरकारी सेवा से त्याग पत्र देकर जा सकते हैं।

# नागपुर के रिहायशी इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, मचा हड़कंप; जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी समाचार**

**नागपुर।** नागपुर के एक रिहायशी इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। मामले में पुलिस ने 15 जिलेटिन स्टिक और कई डेटोनेटर बरामद किए हैं। फिलहाल इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी की मदद से मामले की जांच कर रही है।

नागपुर के सीए रोड के पास एक रिहायशी इलाके में मंगलवार को भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। यह इलाका शहर के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है। पुलिस ने यहां से बड़ी संख्या में विस्फोटक सामग्री बरामद की है, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है।

पुलिस के मुताबिक, ये विस्फोटक दोसर भवन चौक के पास एक घर के पीछे बने छोटे से बगीचे में मिले। विस्फोटक एक बैग के अंदर रखे हुए थे। मंगलवार सुबह घर के सदस्यों की नजर उस बैग पर पड़ी। उन्होंने देखा कि बैग से कुछ कारतूस बाहर निकले हुए हैं। परिवार ने बिना देरी किए तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी।



सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके को तुरंत सील कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राहुल मदाने ने पुष्टि की कि परिवार की सूचना पर सुरक्षा एजेंसियों ने फौरन कार्रवाई शुरू की। फोरेंसिक विशेषज्ञ को भी मौके पर बुलाया गया ताकि बरामद सामान की बारीकी से जांच हो सके।

# यात्रियों का दिल्ली से बंगाल जाना हुआ मुश्किल: चुनाव के बीच ट्रेनों में सीटें फुल; हवाई किराए भी बढ़ा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** चुनावी माहौल का असर अब ट्रेन और हवाई यात्रा पर भी दिखाई देने लगा है। पश्चिम बंगाल में मतदान से पहले राज्य की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ गई है, जिससे टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर दिल्ली से पश्चिम बंगाल जाने वाली प्रमुख



ट्रेनों पूर्वा एक्सप्रेस, हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस समेत कई सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं। कई ट्रेनों लगातार रिग्रेट का संदेश सामने आ रहा है। ऐसी स्थिति सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है। मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई जैसे बड़े शहरों से भी बंगाल जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। राज्य में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। इससे पहले ही ट्रेनों में कंफर्म सीट मिलना नामुमकिन हो गया है। 29 अप्रैल को दूसरे चरण से पहले भी हालात राहत भरे नहीं हैं। 16 से 27 अप्रैल के बीच चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में सीटें पहले ही फुल हो चुकी हैं। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मतदान से पहले अतिरिक्त या ऑन-डिमांड ट्रेनें चलाने पर विचार किया जा रहा है, ताकि दबाव को कुछ हद तक कम किया जा सके। दिल्ली से पश्चिम बंगाल के लिए मुख्य रूप से तीन राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें चलती हैं। ये सभी ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करती हैं। कोलकाता के दो प्रमुख स्टेशनों हावड़ा और सियालदह तक जाती है। नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी 12302 (वाया गया) में 16 से 28 अप्रैल तक थर्ड एसी में हर दिन 100 से ज्यादा वेटिंग चल रही है। जबकि सेकंड एसी में भी वेटिंग हर दिन 50 से ज्यादा दिखाई दे रही है। वहीं, नई दिल्ली-सियालदह राजधानी 12314 में 16 से 28 अप्रैल के बीच थर्ड एसी में हर दिन वेटिंग 120 के पार बनी हुई है।

# छेड़छाड़ के विवाद ने लिया उग्र रूप, दो समुदायों में पत्थरबाजी से फैला तनाव; रातभर तैनात रही पुलिस

**एजेंसी समाचार**

**बीकानेर।** बीकानेर के चौखूंटी इलाके में मामूली विवाद के बाद पत्थरबाजी से तनाव फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और रातभर तैनात रही। उपद्रवियों की पहचान जारी है, जबकि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

राजस्थान के बीकानेर शहर के नयाशहर थाना क्षेत्र स्थित चौखूंटी इलाके में सोमवार देर रात मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद भड़क गया। शुरूआत में हुई कहासुनी देखते ही देखते उग्र हो गई और दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे इलाके में अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के कई दल मौके पर पहुंचे और क्षेत्र में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया। हालात को देखते हुए रातभर पुलिस बल तैनात रखा गया, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई। पुलिस की सतर्कता के चलते बड़े स्तर पर स्थिति बिगड़ने से रोका जा सका।

घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और भाजपा नेता वेद व्यास मौके पर पहुंचे।

# मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले में चोरी, प्रशस्ति पत्र और मेडल गायब; सुरक्षा पर उठे सवाल

**एजेंसी समाचार**

**भोपाल।** भोपाल में खेल मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले स्थित स्टोर रूम से चोरों ने मेडल और प्रशस्ति पत्र चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था और वीआईपी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेल मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी आवास में चोरों ने सेंध लगा दी। चोरों ने आवास के स्टोर रूम का ताला तोड़कर अंदर रखे मेडल और प्रशस्ति-पत्र उठा ले गए। यह घटना 3 अप्रैल की बताई जा रही है। खुलासा होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई।

जानकारी के अनुसार, मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले पर यह वारदात हुई। टीटी नगर पुलिस ने बंगले के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि साफ-सफाई या अन्य काम के बहाने बंगले में आने-जाने वाले किसी बाहरी व्यक्ति का इस चोरी में हाथ हो सकता है। सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है।

यह घटना इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि यह एक वीआईपी इलाके में हुई, जहां सुरक्षा व्यवस्था अन्य क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक कड़ी रहती है। मंत्री आवास में इस तरह की चोरी ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। पुलिस अभी सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मंत्री विश्वास सारंग के बंगले से ट्रॉफियां, मोमेंटो, शील्ड और प्रशस्ति-पत्र चोरी हुए हैं। स्टोर रूम में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने के कारण पुलिस को आरोपियों की शिनाख्त में परेशानी हो रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK